हरिभूमि
बिलासपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026
बिलासपुर भूमि




फोटो : प्रकाश परिहार

तिफरा औद्योगिक क्षेत्र में हुई घटना | केमिकल फैलने से अनियंत्रित हुई स्थिति | धुंए के गुबार से छाया अंधेरा | फोम डालकर 5 घण्टे बाद आग पर काबू पाया

# पेंट फैक्ट्री में भीषण आग, मजदूरों ने भागकर बचाई जान






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा औद्योगिक क्षेत्र के पुट्टी, पेंट की फैक्ट्री में भीषण आग लगने से अंदर में काम कर रही महिला सहित तीन मजदूर फंस गए, तीनों ने भागकर जान बचाई। गोदाम में पेंट व केमिकल रखे होने से आग तेजी से फैली और तीन गोदामों को चपेट में ले लिया। तीनों गोदाम धू धूकर जलते रहे। धुंए के साथ आग की लपटें बाहर निकले से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। एसडीआरएफ की टीम ने फोम डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, 5 घण्टे बाद कई दमकल पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग लगने से फैक्टी में हुए नुकसान का आंकलन नहीं हो पाया है।

घटना तिफरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित नरेश सुल्तानिया के अनव पुट्टी पेंट फैक्ट्री की है। यहां काम करने वाली रेखा




विश्वकर्मा ने बताया, 16 जनवरी की दोपहर 1 बजे दो अन्य मजदूरों के साथ फैक्ट्री के अंदर पेरिस बनाने काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक आग की लपट उनकी ओर आई। जिससे वे अन्य दो मजदूरों के साथ भागते हुए बाहर निकलीं। गोदाम में भारी मात्रा में केमिकल व पेंट रखे होने से तेजी से आग फैली और अंदर तीनों गोदामों को चपेट में ले लिया। तीनों गोदामों से धुंए के गुबार के साथ आग की लपटें बाहर निकलने लगीं। सूचना मिलते ही फैक्ट्री संचालक व उनके परिचित मौके पर पहुंच गए। एसडीआरएफ की टीम भी दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई और पानी डालकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते दोनों दमकल खाली हो गए और तीनों गोदामों से आग की लपटें निकलती रहीं। उसके बाद 4 दमकलें और बुलाई गईं, इससे अगल बगल के गेट से अंदर प्रवेश कर दोनों ओर से फोम डालकर आग बुझाने में जुट गए। 5 घण्टे बाद शाम 6 बजे कई दमकल पानी से आग पर काबू पाया गया है। आग लगने से कितना नुकसान हुआ है इसका आंकलन अभी नहीं हो पाया है। शार्टसर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

### दमकल का होता रहा इंतजार

फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलने पर दो दमकल भेजी गई, कुछ ही देर में इनका पानी समाप्त हो गया। दोनों दमकलों को फिर से पानी लेने पंप हाउस भेज दिया गया। इस दौरान करीब आधे घण्टे तक फैक्ट्री में रखा सामान जलता रहा। बाद में 4 दमकल और भेजी गई, तब तक फैक्ट्री का ढेरों सामान जल चुका था।

### सुरक्षा के नहीं थे इंतजाम

इतनी बड़ी फैक्ट्री में भारी मात्रा में केमिकल व पेंट का उपयोग किया जा रहा था। ज्वलनशील पदार्थ रखे होने के बावजूद आग लगने पर सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया गया था। यही वजह है कि आग लगने पर तेजी से फैली और तीन मजदूरों की जान पर बन आई।

### आसपास है रिहायशी इलाका

तिफरा औद्योगिक क्षेत्र में जिस जगह यह फैक्ट्री है, उसके आसपास रिहायशी इलाका है। कालोनाइजरों ने यहां मकान बनाकर बेच दिया है, अब बार बार फैक्ट्रियों में आग लगने की घटना से आसपास की कालोनियों में रहने वाले दहशत में आ जाते हैं।

### धुंए के गुबार से छाया अंधेरा

भीषण आग से फैक्ट्री के अंदर धुंए का गुबार तेजी से आसमान की ओर निकल रहा था। देखते ही देखते ही पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया। धूंए का गुबार व आग की लपटें शहर में दूर से दिखाई दे रही थीं। फैक्ट्री के सामने लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी।



### तीनों गोदामों में रखा था सामान



झुलसी महिला

फैक्ट्री में पुट्टी व पेंट बनाने का काम किया जाता है। अंदर में तीन गोदाम बनाए गए हैं। जहां भारी मात्रा में पुट्टी की बोरियों की छल्लियां, पेंट एवं केमिकल रखे हुए थे। आग लगते ही केमिकल व पेंट से आग फैल गई और स्थिति अनियंत्रित हो गई।



### रिपोर्ट नहीं लिखाई गई

नरेश सुल्तानिया के पुट्टी, पेंट की फैक्ट्री में आग लगी थी। शाम 6 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था। फैक्ट्री संचालक ने आग लगने की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है, जिससे नुकसान का पता नहीं चल पाया है। शार्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है।

- **किशोर केंवट** सिरगिट्टी टीआई

## खबर संक्षेप

### संविदा पदों पर निकली भर्ती, 28 को अंतिम तिथि

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 28 फरवरी तक तक आनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार एएनएम, फिजियोथेरेपिस्ट, फॉर्मासिस्ट, डेंटल असिस्टेंट, नर्सिंग ऑफिसर, स्टाफ नर्स, एमपीडब्ल्यू, काउंसलर, फीडिंग डेमोनस्ट्रेटर, टीबीएसव्ही, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, ब्लॉक डाटा मैनेजर, सेक्रेटियल असिस्टेंट, एकाउंटेंट, चतुर्थ श्रेणी, क्लीनर, आया बाई, हाउसकीपिंग स्टाफ, अटेंडेंट, कुक जैसे विभिन्न संविदों पदों पर जिले की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### युवक-युवती परिचय सम्मलेन 1 मार्च को

**बिलासपुर।** यादव एकता समिति द्वारा 1 मार्च को यादव समाज का युवक युवती परिचय सम्मलेन आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम स्व. लखीराम आडिटोरियम में होगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें पहले पंजीयन किया जाएगा। शुभारम 11.30 बजे होगा। इसमें 1 पास पोर्ट कलर फोटो के साथ लेकर आए ,परिचय सम्मलेन एवं सगाई आदर्श विवाह के साथ युवक युवती के साथ तलाक़ शुदा,विधवा, विधु, साथ में होली मिलन का कार्यक्रम भी होगा। अध्यक्ष शंकर यादव , शरद यादव, यशोदा यादव, शैलेन्द्र यादव, नंदकिशोर यादव, प्रियंका उत्तम यादव, मनीष यादव, शुभम यादव, सुनील यादव, रेवती यादव आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

# नशेड़ी बेटे ने फावड़ा से पिता पर किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पैसा देने से मना करने पर नशेड़ी बेटे ने पिता पर बेट, पूड़ी मेकर, फावड़ा से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, सिर कुचले जाने से पिता की मौके पर मौत हो गई। उसके बाद खून से रंगा फावड़ा हाथ में रखकर युवक घर के सामने गली में घूमता रहा और आसपास के लोगों के घर के दरवाजों को ठोकता रहा। दो आरक्षकों ने जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद से हत्यारे बेटे को पकड़ा।



मृतक

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि दोपहर एक बजे मन्नाडोल के लोगों ने सूचना दी कि मन्नाडोल निवासी नेतराम उर्फ



- खून से रंगा फावड़ा लेकर घूमता रहा
- दो आरक्षकों ने जान जोखिम में डालकर हत्यारे को पकड़ा

नीतू ध्रुव 42 साल नशे में खून से रंगा फावड़ा लेकर गाली गलौज करते हुए घूमकर लोगों के घर के दरवाजे को ठोंक रहा है। श्री केंवट स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां नेतराम उर्फ नीतू हाथ में खून से रंगा फावड़ा लेकर घूमता दिखा। आरक्षक उसके पास गए तो वह उनके साथ गाली गलौज कर हमला करने की कोशिश करने लगा। आरक्षक रजनीश पाण्डेय, मुकेश यादव ने जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद से नेतराम उर्फ नीतू ध्रुव को पकड़ा। उसके बाद भी वह आरक्षकों के साथ झूमाझटकी करता रहा। भारी मशक्कत के बाद उसके हाथ से फावड़ा छीनकर उसके हाथ, पैर को रस्सी से बांधकर काबू पाया गया। उसके बाद पुलिस उसके घर गई तो परछी में उसके पिता मनराखन ध्रुव 65 साल की क्षतविक्षत लाश पड़ी हुई थी और पास में खून से रंगा टूटा हुआ लकड़ी का बेट, पूड़ी मेकर पड़ा हुआ था। इससे पता चला कि उसने अपने पिता की हत्या की है। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

### हमले से लकड़ी का बेट टूट गया

बताया जाता है आरोपी नेतराम उर्फ नीतू आदतन नशेड़ी है और काम कुछ नहीं करता है। आए दिन घरवालों से नशा के लिए पैसा मांगकर विवाद करते रहता है। सोमवार को उसके पिता मनराखन ध्रुव घर में अकेले थे। उसकी पत्नी व दो बेटे काम पर चले गए थे। नेतराम उर्फ नीतू ने अपने पिता से पैसा मांगा। नहीं देने पर उसने लकड़ी के बेट से पिता के सिर पर ताबड़तोड़ हमला किया। बेट टूट जाने पर पूड़ी मेकर से हमला किया। उसके बाद फावड़ा से हमला कर सिर को चकनाचूर कर दिया।

### दो पत्नी उसे छोड़कर चली गई

आरोपी के आदतन नशेड़ी होने से उसकी शादीशुदा पत्नी छोड़कर चली गई। उसके बाद उसने एक अन्य महिला से प्रेम विवाह किया। आए दिन नशा व विवाद करने से वह भी उसे छोड़कर चली गई। वह माता-पिता और छोटे भाईयों के साथ रह रहा था।

### आरोपी गिरफ्तार

नशे में बेटे ने पिता से पैसे की मांग की। नहीं देने पर लकड़ी के बेट, पूड़ी मेकर, फावड़ा से सिर कुचलकर हत्या कर दी है। हत्या का जुर्म दर्ज कर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

- **किशोर केंवट** सिरगिट्टी टीआई

### मनरेगा बचाओ : कल कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**बिलासपुर।** कांग्रेस द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चलाया जा रहा है। मनरेगा बचाओ संग्राम तहत शहर एवं जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 18 फरवरी को कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। इस घेराव कार्यक्रम को लेकर सोमवार को कांग्रेस भवन में बैठक हुई। कांग्रेस भवन में आज शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा और जिलाध्यक्ष ग्रामीण महेन्द्र गंगोत्री की उपस्थिति में कांग्रेस भवन में बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस के सभी ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, निर्वाचित पार्षद, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम के विषय पर चर्चा हुई और 18 फरवरी को मनरेगा बचाओ संग्राम तहत कलेक्टोरेट का घेराव का निर्णय लिया गया।

# बाघिन और शावक नहीं, बाघ मचा रहा आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर के कोटा वन परिक्षेत्र के अलावा वन विकास निगम के क्षेत्र में बाघिन और शावक का मूवमेंट चेक करने ट्रैप कैमरा लगाया गया था, लेकिन ट्रैप कैमरे में बाघिन और शावक के बजाय बाघ की तस्वीर कैद हो गई। इसके कारण बाघ के मूवमेंट से ग्रामीण क्षेत्र में दहशत बनी हुई है।

कुछ दिनों से यह कहा जा रहा था कि एक बाघिन अपने दो शावकों के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल के बजाय ग्रामीण एरिया में विचरण कर रही है। बाघिन व दोनों शावकों की खोजबीन करने के लिए मौके पर ट्रैप कैमरे भी लगाया था। इसमें शावकों और बाघिन की तस्वीर तो दिखाई नहीं दी, लेकिन एक बाघ की तस्वीर कैमरे ने कैद कर ली। इससे बाघिन और शावकों के बजाय अब बाघ के होने की आशंका विभाग के अफसर व्यक्त करने लगे हैं।

### बाघिन भी थी शावकों के साथ

ग्रामीणों के अनुसार बाघिन अपने शावकों के साथ माखुरहा तालाब के पास पानी पीने के लिए चहलकदम करते हुए दिखाई दी थी। इसके बाद लगातार बाघिन और उसके शावकों ने ग्रामीण एरिया में मवेशियों का शिकार भी किया और आसपास के घने जंगल में चली गई। इसके उपरांत शावक और बाघिन को ग्रामीणों ने वन विकास निगम के क्षेत्र पटैता और नेवसा के पास कक्ष क्रमांक 133 में देखा, जहां मवेशी क्षत विक्षप्त हालत में पड़ा हुआ था। वहीं बाघिन के पग मार्क के निशान भी थे।

### कोटा रेंज और वन विकास निगम के क्षेत्र में हैं मूवमेंट



### बाघिन के एटीआर जाने की संभावना

विभागीय अफसरों के अनुसार ग्रामीणों ने बाघिन और शावकों को देखा था, लेकिन अब तक किसी तरह के शावकों के पग मार्क मौके पर नहीं मिले हैं। वहीं जो तस्वीर कैद हुई है वह बाघ के दिखाई दे रहे हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघिन संभवतः अपने दोनों शावको के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में वापस चली गई है।

### फिर लगाए गए पांच कैमरे

वन विकास निगम और बिलासपुर वन मंडल ने कोटा परिक्षेत्र के आसपास बाघ और बाघिन का मूवमेंट चेक करने के लिए एटीआर प्रबंधन से ट्रैप कैमरे की मांग की है। एटीआर प्रबंधन ने पांच ट्रैप कैमरे लगाने का काम कर दिया है।

### कैमरे मे कैद हुआ बाघ

पहले बाघिन और शावकों के मौके पर होने की जानकारी मिली थी। इसके कारण टीम को अलर्ट करने के साथ मुनादी भी कराई गई। यह कार्य अभी भी जारी है। फिलहाल पूर्व में जो कैमरे लगाए गए थे, उसमें बाघिन के बजाय बाघ की तस्वीर कैद हुई है। कैमरे को एटीआर प्रबंधन वापस ले गई है।

- **सत्यदेव शर्मा**
डीएफओ
वन विकास निगम

# राशन दुकानों को दिसंबर तक का मार्जिन मनी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में बिलासपुर एकमात्र ऐसा जिला है, जहां राशन दुकान संचालकों को मिलने वाले मार्जिन मनी का भुगतान दिसंबर महीने तक का कर दिया गया है। शेष जिलों में यह राशि अक्टूबर महीने तक के लिए ही जारी की गई है।



मार्जिन मनी का बेसब्री से इंतजार करने वाले राशन दुकान संचालक बिलासपुर जिले में प्रदेश में सबसे अच्छी स्थिति में हैं। यहां प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले मार्जिन मनी के अंतर्गत दुकान संचालकों को दिसंबर तक का भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष जिलों में यह भुगतान अक्टूबर महीने तक की स्थिति में ही किया जा सका है। इस संबंध में खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने बताया कि मार्जिन मनी के अंतर्गत दुकान संचालकों को नवंबर महीने के लिए 22 लाख एवं दिसंबर महीने के लिए भी 22 लाख कुल 44 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। उक्त भुगतान 30 रूपए प्रति क्विंटल की दर पर किया गया है।

जमीन खरीदना है
तत्काल रजिस्ट्री कराने योग्य कृषि भूमि ग्राम दर्रीघाट, लावर, किरारी, लिमतरा, भदौरा में तत्काल खरीदना है
संपर्क करें:- 7224888677

# एसईसीएल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता युक्त भरोसेमंद और समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करना : सीएमडी

**बिलासपुर।** एसईसीएल द्वारा 16 फरवरी को एसईसीएल मुख्यालय में कोयला उपभोक्ताओं के साथ बेहतर समन्वय एवं संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से कंज़्यूमर मीट का आयोजन किया गया।

- **एसईसीएल मुख्यालय में कंज़्यूमर मीट का आयोजन, गुणवत्ता पर विशेष फोकस**

बैठक की अध्यक्षता एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने की। इस दौरान निदेशक (तकनीकी संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार एवं निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) रमेश चंद्र महापात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएमडी हरीश दुहन ने कहा कि टीम एसईसीएल अब "गुणवत्ता सर्वोपरि" के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि एसईसीएल का उद्देश्य केवल अधिक कोयला उत्पादन नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता युक्त, भरोसेमंद और समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से खुलकर अपने सुझाव एवं विचार साझा करने का आह्वान किया और विश्वास दिलाया कि प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। श्री दुहन ने आश्वस्त किया कि गुणवत्ता नियंत्रण, पारदर्शिता, तकनीकी उन्नयन और बेहतर समन्वय के माध्यम से एसईसीएल उपभोक्ता संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहेगा तथा उद्योगों की ऊर्जा आवश्यकताओं की विश्वसनीय पूर्ति के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

निदेशक तकनीकी संचालन एन. फ्रैंकलिन जयकुमार ने कहा कि उत्पादन प्रक्रिया से लेकर डिस्पैच तक हर स्तर पर गुणवत्ता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की संतुष्टि ही एसईसीएल की वास्तविक सफलता है। महाप्रबंधक (खनन/विक्रय) अजीत चौधरी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के से कंपनी की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रणाली, गुणवत्ता प्रबंधन तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।



### समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया

बैठक के दौरान उपभोक्ताओं ने कोयले के मूल्य की वापसी, बैंक गारंटी, गुणवत्ता युक्त कोयले की आपूर्ति एवं अन्य परिचालन संबंधी विषयों पर प्रश्न एवं सुझाव प्रस्तुत किए। सीएमडी श्री दुहन ने सभी प्रश्नों का उत्तर देते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (गुणवत्ता) श्री संजीव निगम सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एजुकेशन प्लस

### वाइब्रेंट एकेडेमी का फिर से जेईई परिणाम में वर्चस्व कायम




**बिलासपुर।** वाइब्रेंट एकेडेमी के छात्रों ने विगत 5 वर्षो से जेईई में ऐतिहासिक परिणाम की परंपरा कायम रखते हुए शानदार एवं परिणाम प्रस्तुत किया है।
जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर सचमीत सिंह खालसा 99.99 परसेंटाइल, प्रांशु हेमंत 99.24 परसेंटाइल, दिविज दुम्पाला पिता डी मुरलीधर ने 98.99 परसेंटाइल , सय्यम घोष मोपका ने 98.2 परसेंटाइल, सत्यम शर्मा पिता मनीष शर्मा परसदा 96 परसेंटाइल , गोपाल यादव माता शारदा यादव ने 97 परसेंटाइल, श्रेयस तिवारी पिता सुब्रत तिवारी 97 परसेंटाइल, हिर्षिल साहू पिता देवसिंह साहू ने 95 परसेंटाइल, भूषण साहू पिता वाय. के साहू 95 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है। 4 वर्षो से वाइब्रेंट एकेडमी ने ही जेईई एडवांस में राज्य की सर्वश्रेष्ठ रैंक 1 दिया है। संस्था के रत्नेश केसरी, ब्रांच मैनेजर रौशन पाण्डेय, गणित के शिक्षक गुलशन चंद्रा, महावीर राठौर, जितेंद्र शर्मा, आर्गनिक शिक्षक शिक्षक रमन विश्वास, फिजिक्स के पिंकेश बड़ोदिया, सोनिया छाबड़ा ने छात्रों को बधाई दी है।

### आचार्या इंस्टीट्यूट के बच्चों ने जेईई में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिलासपुर।** आचार्या इंस्टीट्यूट के बच्चों ने एक फिर जेईई मेंस 2026 में शानदान प्रदर्शन करते हुए एतिहासिक सफलता प्राप्त की है।
संस्थान के निदेशक संदीप द्विवेदी ने बताया कि संस्थान के विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया लेवल पर बेहतरीन परसेंटाइल प्राप्त कर संस्था और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इसके टापर में आदया गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.75 परसेंटाइल प्राप्त की और संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्रसन्न अग्रवाल 99.60 परसेंटाइ, नैतिक चंदवानी 99.21 परसेंटाइल, हर्षित कुमार सिंग 99. 21 परसेंटाइल, उत्कृर्ष 99.20 परसेंटाइल हैं। इसके अलावा अन्य सफल विद्यार्थियों में आलिया 98.31 परसेंटाइल, श्याम जीएस 98.21, धारिया झा 97.88, प्रकाश अग्रवाल 97. 74 परसेंटाइल, राघव सिंग 96.78, अभय बंजारा 96.22, अक्षत तिवारी 96.13, आदित्य जैन 94.40र सुजल पटेल 93.76, अनुराग सिन्हा 93.11, प्रतीक्षा साहू 91.79 प्रतिशत, अभिनव 88.00 मोकास तिवारी 86.27, अनुशका पी बारपांडे, 85.54, नैतिक देवांगन 84.85, चेहल 84.30, गीतिका 82.05, अदिति कृषमस 82.00, समृद्धि त्रिपाठी 82.00 आर्यन खरे 79. 17 एवं रिया कैवर्त 60.00 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए है। संदीप द्विवेदी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुभवी फैकल्टी, नियमित टेस्ट एनालिसिस और व्यक्तिगत मेंटरशिप का परिणाम है। आगामी सत्रों में संस्थान और भी बेहतर परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### जेईई मेंस में एलन के आदित्य सिटी टापर रहे



**बिलासपुर।** जेईई मेन (जनवरी 2026) का परिणाम जारी कर दिया गया है। इसमें एलन बिलासपुर के आदित्य अग्निहोत्री सिटी टॉपर रहे। आदित्य को 99.99 स्कोर, 6 स्टूडेंट्स को 99 परसेंटाइल से अधिक अंक मिल हैं। एलन बिलासपुर देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन जनवरी 2026 के परिणाम में एलन करियर इंस्टीट्यूट, बिलासपुर पुनः श्रेष्ठता साबित की है। एलन बिलासपुर के एकेडमिक हेड शुभम नंदवाना ने बताया कि एलन बिलासपुर के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य अग्निहोत्री 99.99 परसेंटाइल के साथ सिटी टॉपर्स रहे। गौरव, अनुकर्ष, शौर्य, सत्यम, शुभांश ने 99 से अधिक परसेंटाइल अर्जित किए हैं। 99 परसेंटाइल से अधिक अर्जित करने वाले एलन बिलासपुर से सर्वाधिक विद्यार्थी हैं।

### किड्स जूनियर में मना वार्षिकोत्सव, बच्चों ने दी प्रस्तुति




**बिलासपुर।** करबला रोड स्थित किड्स जूनियर में 14 फरवरी को वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें बताया गया कि इस शाला में बच्चों को संस्कार दिए जाते हैं, जिससे इनकी जड़े मजबूत रहे और आधुनिक शिक्षा पद्धति से यह बच्चे इस संसार में शिक्षा रूपी पंख के माध्यम से ऊंची उड़ान भर सके।

इस उत्सव में मुख्य अतिथि सुधा साव एवं ब्रिलिएंट पब्लिक ग्रुप ऑफ स्कूल की डायरेक्टर प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता थीं। इन शिक्षाविद् ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि किड्स जूनियर प्रारंभिक शिक्षा के लिए उत्तम चयन है क्योकि इस शाला में बच्चों के सर्वागींड विकास के लिए सभी तरह के उपकरण एवं शिक्षक उपलब्ध हैं। संस्था के संचालक शशि माधव गुप्ता ने शाला का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि हम प्रत्येक बच्चों के विकास पर ध्यान देते है। बच्चों को शिक्षा के साथ रिश्तों एवं संबंधों का महत्व भी बताते हैं। उन्होंने बताया कि समाज एवं शिक्षा, जीवन के लिए अमूल्य है, यह हमें जोड़ना सिखाते है। किड्स जूनियर में डे केयर सुविधा भी है जिससे कामकाजी महिलाएं अपने बच्चों को सुरक्षित हाथों में सौंपकर अपने कार्य क्षेत्र में जा सकते हैं। इवनिंग एक्टीविटी क्लास शाम 4.30 बजे से 6 बजे तक होती है, जिसमें 3 वर्ष से 7 वर्ष के बच्चों को आर्ट, डांस, प्ले, भाषा लाइफ स्कील्स एवं अन्य कलाएं सिखाई जाती है। शाला के कक्षा 2 की छात्रा यशस्वी तिवारी ने आभार व्यक्त किया। सेंटर हेड नितिका ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है और 30 मार्च तक प्रवेश लेने पर फीस में विशेष रियायत दी जा रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी ने सराहना की।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** भूतपूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ द्वारा 14 फरवरी को शहीद हुए अमर वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष टेकराम साहू ने की। उपाध्यक्ष कुमार साहू, पवन तुलावी, सचिव कमलेश चौबे, दिलीप खरे, ज्ञानेश्वर पटेल, संतोष वर्मा, कल्याण वर्मा, निती प्रकाश विनोद शोरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर 12 दिसंबर 2017 को शहीद हुए स्वर्गीय सहायक उपनिरीक्षक शोभाराम छत्तीसगढ़ पुलिस के सुपुत्र जितेंद्र कुमार को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। संतोष वर्मा ने 14 फरवरी पुलवामा आतंकी हमले की जानकारी देते हुए कहा कि 14 फरवरी कोई साधारण तिथि नहीं बल्कि शौर्य त्याग और बलिदान का प्रतीक दिवस है। तुम कितनी भी कयास लगा लो हम खून देने के लिए तत्पर है और बता दिए पूरी दुनिया को कि अर्ध सैनिक बल अपने शौय में पीछे नहीं है। अध्यक्ष टेकराम साहू, कुमार साहू एवं पवन तुलावी ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। करुणेश साहू एवं दासलीशा का सम्मान किया गया तथा पवन साहू एवं योगेश वर्मा को कोर कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में तोष वर्मा कृत संगठन के कर्तव्य एवं उद्देश्यों का विमोचन किया गया तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस अवसर पर दासलिसा, करुणेश साहू, अमरसिंह वासनिक, बी. आर. साहू, उदय राम, मन्नू लाल, संत राम चौहान, जितेंद्र कुमार साहू, कुंजी लाल ठाकुर, नाम दास, जे. बंजारे, अमरसिंह, सोनल नेताम, वाजिद अली खान, अर्जुन सिंह, विजय देशमुख, जी.पी. गायकवाड़, पी.आर. यादव, गरीब राम यादव, नेम चंद्र आदि मौजूद थे।

# आईएमए कार्यकारिणी की बैठक में आगामी वर्ष की रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिलासपुर की कार्यकारिणी की हुई बैठक में संगठन के आगामी वर्ष के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर चर्चा कर रूपरेखा तय की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. प्रमोद जायसवाल ने की।

सचिव डॉ. प्रसन्न सिंह रहे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि मेयर पूजा विधानी एवं विशेष अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल थे।बैठक में आगामी वर्ष के लिए प्रमुख बिंदुओं पर सहमति बनी, जिनमें जनस्वास्थ्य के उत्थान एवं जागरूकता कार्यक्रमों का विस्तार, पर्यावरण संरक्षण के प्रयास, शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़ोतरी, पेशे की गरिमा की रक्षा तथा करुणा और दक्षता के साथ समाज सेवा को प्राथमिकता देना शामिल है। इस अवसर पर डॉ. आर.आर. शर्मा, डॉ. केके जायसवाल, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. रमेश मूर्ति, डॉ. मोहन गुप्ता, डॉ. हेमंत चटर्जी, डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. अमृता पांडेय, डॉ. प्रशांत द्विवेदी, डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. श्रीश मिश्रा, डॉ. आरपी मिश्रा, डॉ. योगेन्द्र गुप्ता, डॉ. प्रदीप सोनी, डॉ. भास्कर लोढ़ी, डॉ. कैलाश, डॉ. शशिकांत साहू एवं डॉ. मेहर रिया आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी सदस्यों ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।



# तमाम कोशिश के बाद भी इंदिरा सेतु से रांग साइड घुस रहे वाहन सवार, लग रहा जाम



नए रिवर व्यू पर रांग साइड से नेहरू चौक जाते लोग।



बैरिकेड्स के कारण नेहरू चौक पर लगता है जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तमाम कोशिश के बाद इंदिरा सेतु की ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल है। लोहे की लंबी ग्रिल लगाने के बाद भी वाहन सवार रांग साइड गाड़ी घुसाकर आवागमन कर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक जाम हो रहा है।

नेहरू चौक से इंदिरा सेतु तक सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के द्वारा कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। सबसे पहले तिलक नगर की ओर जाने वाले मार्ग को बेरिकेड लगाकर बंद किया गया। उसके बाद नेहरू चौक से कुदूदण्ड मोड़ के आगे तक बेरिकेड लगाया गया। उसके बाद भी जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। अब सड़क पर नेहरू चौक से इंदिरा सेतु तक लोहे की ग्रिल लगा दी गई है, लेकिन लोग हैं, जो सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। लोग अब भी इंदिरा सेतु ग्रिल के मोड़ में कुदुदंड की ओर जा रहे हैं।

रांग साइड से वाहन घुसने से पल पल में ट्रैफिक जाम हो रहा है। इसी तरह कुदूदण्ड से नेहरू चौक जाने वाले वाहन सवार इंदिरा सेतु मोड़ से गाड़ी मोड़ते हैं तो वाहनों के पहिए थम जाते हैं। एक तरह से 5 मिनट में नेहरू चौक से महामाया चौक जाने वाले वाहन सवारों को जाम में फंसकर आधा घण्टा लग जा रहा है।

### ग्रिल को उखाड़ने का प्रयास

यातायात पुलिस पिछले दो साल से तिलक नगर की ओर से कुदुदंड जाने वाली सड़क को बंद करने का प्रयास कर रही है। पहले तिलक नगर की ओर जाने वाली सड़क पर बेरीकेड लगाया गया था, जिसे लोग हटा देते थे। उसके बाद इंदिरा सेतु जाने वाली सड़क पर लंबा केरीकेड लगाकर उसे बंद कर दिया गया, फिर भी लोग नहीं माने। अब बेरीकेड को नट बोल्ट से कस दिया गया है, उसके बाद भी लोगों ने बीच के बेरीकेड को उखाड़ दिया है। कुछ दिनों बाद यह बेरीकेड हटा दिया जाएगा और लोग फिर से चौराहे से आना जाना करने लगेंगे।

### स्मार्ट मीटर पखवाड़ा पर कार्यक्रम आज

**बिलासपुर।** छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा केंद्र के निर्देशानुसार प्रदेश में 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया जा रहा है। शहर संभाग पश्चिम के नेहरू नगर जोन में 17 फरवरी को सामुदायिक भवन नेहरू नगर में दोपहर 3 बजे से तथा सरकंडा जोन में 18 फरवरी को चंद्र मौली मंदिर बंधवापारा मे प्रातः 11 बजे से स्मार्ट मीटर पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने के लाभों से अवगत कराना है।

# फीस वृद्धि का एनएसयूआई ने किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि का विरोध किया है। विरोध प्रदर्शन करते हुए एनएयूआई ने सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के नाम ज्ञापन सौंपा है।

- **बोर्ड परीक्षाओ में शुल्क वृद्धि से अभिभावकों में दबाव**

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि मंडल द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार नियमित परीक्षा शुल्क लगभग 460 रुपए से बढ़ाकर करीब 800 रुपए तथा आवेदन शुल्क 80 रुपए से बढ़ाकर 150 रुपए सहित कुल लगभग 22 प्रकार के शुल्कों में वृद्धि की गई है। इस शुल्क वृद्धि से छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव पड़ेगा।

एनएसयूआई ने स्पष्ट मांग की है कि बढ़ाई गई सभी परीक्षा शुल्कों को तत्काल प्रभाव से कम किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शासन द्वारा शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है तो छात्रहित में एनएसयूआई प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। आज विरोध प्रदर्शन दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## निधन

### छेदीलाल शुक्ला



**बिलासपुर।** गोंड़पारा के पूर्व पार्षद तथा पंडित मुन्नूलाल शुक्ला के पुत्र छेदीलाल शुक्ला का 16 फरवरी को निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे । उनकी अंतिम यात्रा 17 फरवरी को उनके निवास सुभाष नगर गोंडपारा से दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मनोज शुक्ला, राजेश शुक्ला अनु तथा कैलाश के पिता एवं आयुष शुक्ला ,अमन और रचित शुक्ला के दादा थे।

### रमा ताई मेश्रा



**बिलासपुर।** मगरपारा निवासी रमा ताई मेश्राम का 16 फरवरी को निधन हो गया। वे 71 वर्ष की थीं। उनका अंतिम यात्रा 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेश मेश्राम, नीलेश मेश्राम, एवं शैलेष मेश्राम की माता थीं।

**डी.एल.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**

पार्थ शिक्षण समिति, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा संचालित डी.एल.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोक नगर, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.) में विश्वविद्यालय परिनियम-28 के तहत प्राचार्य पद नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते है।

**अ. प्राचार्य - 01 पद**

नोट- 1. योग्यता व वेतनमान यू.जी.सी. एवं राज्य शासन के मापदण्ड अनुसार रहेगा।
2. आवेदन की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने के 10 दिवस के भीतर।
पता- डी.एल.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर, अशोक नगर, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
अध्यक्ष
पार्थ शिक्षण समिति/महा. शासी निकाय

**डी.एल.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**

पार्थ शिक्षण समिति. बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा संचालित डी.एल.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोक नगर, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.) में विश्वविद्यालय परिनियम-28 के तहत शिक्षा संकाय (बी.एड.) में विभागाध्यक्ष पद हेतु नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

**अ. विभागाध्यक्ष (शिक्षा संकाय) - 01 पद**

नोट- 1. योग्यता राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद नई दिल्ली (NCTE) (रेग्युलेशन-2014) के अनुसार। 2. आवेदन की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने के 10 दिवस के भीतर।
पता- डी.एल.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोक नगर, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
प्राचार्य
डी.एल.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय

# बजट में रनवे व नए टर्मिनल भवन के लिए 200 करोड़ का हो प्रावधान

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने आगामी राज्य बजट में बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के रनवे और नए टर्मिनल भवन के लिए 200 करोड़ रुपए की आबंटन की मांग की है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि विकसित एयरपोर्ट रायपुर में होने के कारण बड़े विकास कार्य रायपुर तक केंद्रित है, जिसका नुकसान पूरे राज्य को उठाना पड़ रहा है। रायपुर में जहां लगभग 10 मल्टी और सुपर स्पेशलिटी बड़े अस्पताल है, वहीं बिलासपुर में अपोलो के अलावा कोई ढंग का अस्पताल मौजूद नहीं है। प्रदेश के अन्य भागों की स्थिति और भी खराब है। मेडिकल कॉलेजों का हाल किसी से छुपा नहीं है, सीटी स्कैन,एमआरआई की मशीन खराब होने और स्टाफ की कमी के चलते संचालन में दिक्कत आती रहती है। उच्च श्रेणी की यातायात सुविधा, शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के बनकर रह गए है। समिति ने कहा की तमिलनाडु जैसे राज्य में6 और कर्नाटक जैसे राज्य में 8 एयरपोर्ट मौजूद है, सभी एयरपोर्ट से देश के अलग-अलग हिस्से में पहुंचा जा सकता है लेकिन छत्तीसगढ़ में महज रायपुर एयरपोर्ट ही देश में पहचाना जा सका है जबकि बिलासा एयरपोर्ट के निर्माण को बीते 50 साल से अधिक हो चुका है, लेकिन 4 साल से ही फ्लाइट का परिचालन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य तमिलनाडु और कर्नाटक राज्य से काफी बड़ा राज्य है लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते बिलासपुर सुविधाओं के लिए तरस रहा है।





भावपूर्ण
श्रद्धांजलि
आज आपकी
प्रथम पुण्यतिथि
(17.2.2026)
पर हम श्रद्धा सुमन
अर्पित करते हैं...
स्व. श्रीमती अंजू यादव
जन्म- 13.8.1969
निर्वाण-28.02.2025
श्रद्धावनत- गोरे-गौरी, भोलाराम, ज्योतिष, शंकर-रूक्मणी, राकेश, कमलेश, गौरव, रूपम यादव एवं सर्व यादव बंधु सकरी वार्ड नं.1, बजरंग नगर, बंधवापारा न.प.नि. बिलासपुर
विनीत : भोलाराम यादव (पति) मो. 9303823872

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## शिविर

### राष्ट्रीय स्तर की योगा जज ट्रेनिंग में डॉ. मोनिका हुई शामिल




**बिलासपुर।** राष्ट्रीय खेल महासंघ योगासन भारत द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय नेशनल योगासन जज ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफल समापन हुआ। देशभर से आए प्रतिभागियों ने तकनीकी नियमों एवं निर्णायक प्रक्रिया का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया और देश को 157 नए प्रमाणित तकनीकी जज मिले। इस प्रशिक्षण शिविर में बिलासपुर क्षेत्र से योग गुरु डॉ मोनिका पाठक ने राष्ट्रीय स्तर की योग जज ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूर्ण की। डॉ मोनिका राज्य से चयनित होकर इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण में शामिल हुईं और डिफिकल्टी जज, टाइम जज सहित विभिन्न जजिंग लेवल में विशेषज्ञता हासिल की। शिक्षा और खेल में उत्कृष्टता की मिसाल जिनका विश्व का पहला पेटेंट थर्ड एक्सटेंड एवं यूटिलिटी पेटेंट अष्टांग योग के आठ प्रहर के साथ 5 पुस्तक का विमोचन, 45 से भी ज्यादा पेपर पब्लिकेशन स्कूल व विश्वविद्यालय स्तर की क्रिकेट शतरंज बैडमिंटन, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, बास्केटबॉल, प्रतियोगिताओं में अनेक पदक प्राप्त किया। मोनिका की यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## आयोजन

### महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर विशेष यज्ञ



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती और बोध दिवस महाशिवरात्रि पर्व पर विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान रूपलाल चावला, रीटा चावला और राम चावला रहे। हवन के बाद आचार्य जयदेव शास्त्री ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाभारत के युद्ध से भारत का विध्वंस हो गया। विद्वान मारे गए। ऋषि मुनियों की परंपरा लुप्त हो गई। ईश्वर की कृपा से लगभग पांच हजार वर्ष के बाद एक महर्षि का प्रादुर्भाव हुआ। जिनका नाम महर्षि दयानंद था। उनका जन्म 12 फरवरी सन 1825 को टंकारा गुजरात में करसन तिवारी के घर हुआ। महर्षि दयानंद चहुंमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने धार्मिक क्षेत्र में तो क्रांति की ही राजनीतिक क्षेत्र में भी उत्तर-पुथल मचा दी। उन्होंने बाल विवाह और बेमेल विवाह का विरोध किया। लोग वेदों को भूल चुके थे। स्वामीजी ने वेदों का द्वार मानव मात्र के लिए खोल दिया।

## धर्म-क्षेत्र

### हिमालय उत्पत्ति, दक्ष आराधना व सती अवतार प्रसंग से श्रद्धालु भावविभोर

**बिलासपुर।** श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन सेमरा में 20 फरवरी तक किया जा रहा है। आयोजन में क्षेत्रभर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। कथा वाचन पंडित बुद्धेश्वर तिवारी सोमवार को फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी के पर



हिमालय की उत्पत्ति एवं महात्म्य, दक्ष की देवी आराधना, सती आह्वान और भगवान शिव-सती विवाह प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया गया। कथा स्थल पर सुबह 9 से 11 बजे तक प्रतिदिन रुद्राभिषेक किया जा रहा है,दोपहर 3 बजे से शिव महापुराण कथा का वाचन चलता है, कथावाचक कथा वाचन पंडित बुद्धेश्वर तिवारी ने बताया कि पुराणों के अनुसार हिमालय को पर्वतराज और देवताओं का निवास स्थान माना गया है। तप और साधना की भूमि के रूप में इसकी विशेष महिमा है। गंगा अवतरण की पावन स्थली होने के कारण हिमालय सनातन संस्कृति में आस्था का प्रतीक है। प्रजापति दक्ष प्रजापति ने आदिशक्ति की कठोर तपस्या की, जिससे प्रसन्न होकर देवी ने उनके यहां पुत्री रूप में जन्म लिया। यही सती आगे चलकर भगवान भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर साधना करती हैं। अंततः देवताओं और ऋषियों की उपस्थिति में शिव-सती का दिव्य विवाह संपन्न होता है, जो त्याग और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। कथा में स्वर्ग, नरक और मोक्ष का भी वर्णन किया गया।

## सम्मेलन

### सनातन धर्म जीवन जीने की श्रेष्ठतम वैज्ञानिक पद्धति




**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज मेडिटेशन ट्रेनिंग सेंटर रघु विहार द्वारा शिवमंगल मिलन मेला के अंतर्गत "सनातन हिन्दू सम्मेलन" का आयोजन किया गया। इसका विषय "भारत का आधार हिंदुत्व" रहा। मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ गौरव रत्न से सम्मानित बी.के. स्वाति दीदी ने कहा कि सनातन धर्म केवल एक पंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की श्रेष्ठतम वैज्ञानिक पद्धति है। मुख्य वक्ता स्वाति दीदी ने बताया कि हिंदुत्व का अर्थ किसी विशेष समुदाय तक सीमित नहीं, बल्कि समस्त मानवता को सत्य, अहिंसा, करुणा, आत्म संयम और विश्व कल्याण की भावना से जोड़ना है। उन्होंने आध्यात्मिकता को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि जब मनुष्य स्वयं के सत्य परिचय के साथ परमात्मा से संबंध जोड़ता है, तभी उसके जीवन में शांति, शक्ति और संस्कारों की पुनर्स्थापना होती है। विशिष्ट अतिथि प्रमोद कश्यप छत्तीसगढ़ प्रांत परावर्तन प्रमुख ने कहा कि आधुनिक तकनीक और प्राचीन संस्कृति का समन्वय ही भारत को विश्व गुरु बना सकता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे भारतीय ज्ञान परंपरा पर गर्व करें और उसे जीवन शैली का हिस्सा बनाएं। मंच पर गौरव धनकर एवं अनिमेष सोनी भी उपस्थित रहे।

# रमन लोक कला महोत्सव होगा अब वैश्विक : चौबे

**रमन लोक कला महोत्सव 2026 के चौथे दिन विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित उत्सव ने पूरे वातावरण को उत्साह, उमंग और रंगों से भर दिया। सुबह से ही छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक परिधानों से सजे विद्यार्थियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों और समूह नृत्य ने राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया। एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, एकल गायन और सामूहिक गायन ने अपनी सृजनात्मकता और मंचीय आत्मविश्वास का प्रभावी प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ी, ओड़िया, बंगाली, राजस्थानी और अन्य राज्यों की लोक संस्कृतियों पर आधारित प्रस्तुतियों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को जीवंत रूप में मंच पर उतार दिया। नृत्य प्रस्तुतियों में भाव-भंगिमा, ताल और लय का अद्भुत समन्वय देखने को मिला, वहीं गायन प्रस्तुतियों में सुरों की मधुरता ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

विद्यार्थियों का जोश, तालियों की गूंज और दर्शकों की निरंतर सहभागिता माहौल को उत्सवमय बनाए रही। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में युवा कलाकार गीत-संगीत में डूबे रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि ब्रह्म लोक कला की कल्पना छत्तीसगढ़ से प्रारंभ की गई थी आज यह महोत्सव राष्ट्रीय स्तर तक है। आने वाले वर्ष में यह महोत्सव वैश्विक स्तर का होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बहुत ही सराहनीय है भावी युवा पीढ़ी को लोग कला संस्कृति भाषा से जुड़ाव होना जरूरी है।



**डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में वार्षिक उत्सव की धूम**



### किसी भी संस्थान का विकास उसकी शैक्षणिक विविधता और समग्रता से ही संभवः शैलेष

पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने कहा कि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय शिक्षा, संस्कृत, भाषा, तकनीक सहित विभिन्न क्षेत्र में काम करने वाला एकमात्र विश्वविद्यालय है। जिसके पास इस तरह की समग्रता है। किसी भी संस्थान का विकास उसके शैक्षणिक विविधता और समग्रता से ही सुनिश्चित होता है। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रगति की कामना की। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष, वैशाली विवि के कुलपति प्रोफेसर समित तिवारी, कुलसचिव डॉक्टर अरविंद कुमार तिवारी संकुलपति डॉक्टर जयंती चटर्जी उपस्थित थे।

### लोक कला संरक्षण, साधना और समाज सेवा की प्रेरक गाथाएँ

महोत्सव के समानांतर सत्र में पद्म संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की पद्म सम्मानित विभूतियों ने अपने जीवन अनुभव और संघर्षों को साझा किया।

छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण में विशिष्ट योगदान के लिए पद्मश्री से अलंकृत रामलाल बैरेट ने कहा कि उन्हें जो भी उपलब्धि मिली है, वह गुरु कृपा का परिणाम है। उन्होंने महाराजा चक्रधर से कथक सीखने की अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती—वे पाँच वर्ष की आयु से सीख रहे हैं और आज भी सिखा रहे हैं। आदिवासी लोक कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व प्रचार-प्रसार के लिए पद्मश्री से सम्मानित अजय मांडवी ने स्वयं को एक साधारण कलाकार बताते हुए कहा कि शांति और धैर्य ही सफलता की दिशा तय करते हैं। वे पिछले 16 वर्षों से जेलों में कार्य कर मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सल प्रभावित लोगों को कला के माध्यम से नई राह दिखा रहे हैं। उनका मानना है कि सकारात्मक कार्य कई गुना होकर समाज में लौटता है।

### रेखा देवार शारदा चौबे को लोक कला सम्मान

इस अवसर पर प्रति वर्ष रमन लोक कला महोत्सव में प्रदान किए जाने वाला शारदा चौबे लोक कला सम्मान प्रसिद्ध त्योहार गायिका रेखा देवार को प्रदान किया गया। उन्हें सम्मान पत्र के साथ नगद राशि पुरस्कार किया गया।

तिवारी की कहानियों का गुरुमुखी अनुवाद

## 'कुतुब एक्सप्रेस' को साहित्य अकादमी सम्मान

**बिलासपुर।** साहित्य अकादमी द्वारा विभिन्न भाषाओं और साहित्यिक विधाओं में पुरस्कारों की घोषणा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कवि एवं कथाकार रामकुमार तिवारी की कहानियों के गुरुमुखी अनुवाद 'कुतुब एक्सप्रेस' को सम्मानित किया गया है।

यह अनुवाद पंजाबी के प्रख्यात कवि और अनुवादक जगदीप सिद्धू द्वारा किया गया है। चंडीगढ़ स्थित पंजाबी साहित्य अकादमी की अधिसूचना में प्रकाशित 'कुतुब एक्सप्रेस' को पंजाबी साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न केवल लेखक और अनुवादक के लिए, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के साहित्यिक परिदृश्य के लिए गौरवपूर्ण मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ से पूर्व में श्रीकांत वर्मा और विनोद





कुमार शुक्ल को कविता के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हो चुका है।

यह पहला अवसर है जब राज्य के किसी कथाकार को इस स्तर का प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है, जिससे छत्तीसगढ़ के कथा-साहित्य की नई पहचान स्थापित हुई है। रामकुमार तिवारी का कथा-शिल्प विशिष्ट, संवेदनशील और खुदरंग माना जाता है, जिसे देशभर में अब व्यापक स्वीकृति मिल रही है। उनकी पहली चर्चित कहानी 'पते की तरह' को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त हुई थी। उसके बाद कादम्बिनी ने सुकून कहानी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया। सन 2000 में कथा संस्था का क्रिएटिव फिक्शन का पुरस्कार सहित कई पुरस्कार मिले। वे अपनी कविताओं के लिए भी व्यापक रूप से जाने जाते हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ की प्रकृति, आम जनजीवन और मनुष्य की जिजीविषा जीवंत रूप में अभिव्यक्त होती है।

## साहित्यिक आबोहवा में कला व साहित्य को नजदीक से जीने का अवसर

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय कवि संगम मंच, प्रयास प्रकाशन, साहित्य अकादमी तथा शा जेपी वर्मा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तक विमोचन समारोह, पर्यावरण विमर्श, बसंतोत्सव व काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ साहित्यकार अंजनी कुमार तिवारी 'सुधाकर' की पंद्रहवीं कृति राष्ट्र धर्म ध्वज वाहक का अभ्यागतों ने लोकार्पण किया व कृति की समीक्षा की। कला साधकों का सम्मान भी किया गया।

जेपी वर्मा शासकीय महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण, सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेई विश्व विद्यालय बिलासपुर के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई को गुरु वशिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया। आचार्य श्री वाजपेई ने एकल काव्य पाठ में अपने घाना प्रवास के दौरान विरचित दांपत्य जीवन के रहस्य को श्रृंगार रस से भक्ति रस की काव्य कृति-मैं तुम्हारे साथ हूं, मैं तुम्हारे पास हूं..प्रस्तुत किया और कहा कि बिलासपुर की साहित्यिक आबोहवा में कला व साहित्य को नजदीक से जीने का अवसर मिला है। उन्होंने अंजनी कुमार तिवारी 'सुधाकर' के सतत साहित्य सेवा व सृजन कार्य की प्रशंसा की।



विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार व विचारक आचार्य देवेंद्र देव बरेली उत्तरप्रदेश ने विनती करुं मैं मैया.., जिसने हंस कर अपनी बूढ़ी मां के आंसू देखे.. प्रस्तुत कर साहित्य प्रेमियों का मन जीत लिया। विशिष्ट अतिथि डॉ श्याम लाल निराला, प्राचार्य जेपी वर्मा महाविद्यालय ने महाविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गई।

# श्री पीतांबरा पीठ में अभिमंत्रित रुद्राक्ष वितरित

**सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर, सुभाष चौक में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित दो दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान सोमवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुबह 5 बजे से शुरू हुआ 24 घंटे का अखंड महारुद्राभिषेक सोमवार प्रातः 5 बजे पूर्ण हुआ, जिसमें प्रयागराज से आए विद्वानों ने निरंतर मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अभिषेक की पूर्णता के पश्चात पीतांबरा पीठाधीश्वर स्वामी दिनेश महाराज के द्वारा सोमवार सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण किया गया महाशिवरात्रि की दिव्य ऊर्जा से सिद्ध इन रुद्राक्षों को प्राप्त करने के लिए बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुँचे।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर में सुरक्षा और सुचारू दर्शन के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। इस वर्ष श्रद्धालुओं का उत्साह अभूतपूर्व रहा। रात्रि के चार पहर की विशेष पूजा ने पूरे वातावरण को शिवमय कर दिया। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर शांतिपूर्ण तरीके से अभिमंत्रित रुद्राक्ष ग्रहण किया और महादेव का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर वंदे मातरम मित्र मंडल महेंद्र जैन



प्रांताध्यक्ष, नवीन दुबे, जितेंद्र मिश्रा, पृथ्वी सहगल, जगदीश साहू,महेंद्र पटनायक, नरेंद्र यादव, पूर्णिमा पिल्लै, बाल गोविंद अग्रवाल, सुरेंद्र जोशी, पार्थो मुखर्जी, सुशीलधर दीवान, राजा द्विवेदी, राजकुमार, महेश भार्गव, भगवान शर्मा, कृष्ण कोरी, विनोद सिंह उपस्थित रहे।

### मेला पारा में पार्षद दुबे ने भोग बांटा

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पिछले 9 वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाघव मंदिर शिवरात्रि मेला सरकंडा में वार्ड क्रमांक 66 के पार्षद अंचल दुबे ने भोग वितरण किया। इस दौरान उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी की खुशहाली की कामना की।



### भोलेनाथ के जयकारों के साथ विशाल रक्तदान

महाशिवरात्रि के अवसर पर लक्की चंदन सेवा समिति द्वारा तिलकनगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि भोलेनाथ के इस उत्सव में बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान कर इस शिविर का




लाभ उठाया। इन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, जब किसी को जरूरत पड़ती है,तो यही रक्त कई लोगों की जिंदगी को सुरक्षित करता है। समिति के सदस्यों ने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पवित्र दिन पर यह सेवा भगवान शिव की सच्ची आराधना है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, शाम 8 बजे से सुप्रसिद्ध गायिका अलका चंद्राकर की प्रस्तुति के साथ भव्य जगराता आयोजित किया, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। इस सेवा कार्य में समिति के प्रमुख सदस्य विकाश केशरवानी, विशाल केशरवानी, आशीष साहू, जेपी अग्रवाल, सनी सिंह, डॉ. केके गुप्ता, डॉ. मंजीत गुप्ता, अखिलेश कश्यप, सन्नी सिंह, नीरज जायसवाल का योगदान रहा।

### 12 ज्योतिर्लिंगों के स्वरूपों की प्रेरणादायी प्रदर्शनी

महाशिवरात्रि पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हेमूनगर द्वारा रेलवे परिसर रामलीला मैदान में भव्य आध्यात्मिक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन महापौर पूजा विधानी ने किया एवं कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था ने



बिलासपुर की पावन धरा पर आध्यात्मिक जागृति का यह एक सराहनीय प्रयास किया है।

श्रीमती विधानी ने कहा कि इस विशेष प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न स्थानों पर स्थित बारह ज्योतिर्लिंगों के स्वरूपों का प्रेरणादायी प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शनी के माध्यम से भगवान शिव के निराकार, ज्योतिर्मय स्वरूप, ज्योतिर्लिंगों के आध्यात्मिक रहस्य तथा उनके दिव्य संदेश को स्पष्ट किया गया है। विशेष रूप से ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा वर्तमान भाग दौड़ भरे जीवन में सादगी, सकारात्मक सोच, आत्मचिंतन एवं श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाने की प्रेरणा दी जा रही है। राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मानसिक शांति, तनाव मुक्त जीवन और आत्मिक उन्नति के सरल एवं सहज अभ्यास भी कराए जा रहे हैं, जिससे व्यक्ति अपने जीवन में आध्यात्मिक संतुलन स्थापित कर सके।

### जीवन की बुराईयां कर दें शिव को अर्पित



ब्रह्माकुमारीज उसलापुर सेवा केंद्र की संचालिका बीके छाया दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर हम शिवालयों में आंक-धतूरा, भांग अर्पित करते हैं। इसके पीछे आध्यात्मिक रहस्य यह है कि जीवन में जो कांटों के समान बुराइयां हैं, उसे आज के दिन शिव पर अर्पण कर मुक्त हो जाएं। अपने जीवन की समस्याएं, बोझ उन्हें सौंप दें। फिर जिम्मेदारी परमात्मा की हो जाएगी।

छाया दीदी ने कहा कि परमपिता शिव इस धरा पर अवतरित होकर हम सभी विश्व की मनुष्य आत्माओं को सहज राजयोग की शिक्षा दे रहें हैं। अपने बुरे विचार, भावनाएं, गलत आदतें शिव पर अर्पण करना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है। अपने अंदर के अंधकार को मिटाकर जीवन में ज्ञान की ज्योत जगाएं। धर्म का आचरण ड्रेस पहनने से नहीं बन जाता है। उसे जीवन चरित्र में उतारना होगा। जिसे हम युगों-युगों से पुकार रहे थे, जिसकी तलाश में हमने वर्षों तक जप-तप और यज्ञ किए। आज वही भगवान इस धरा पर पुनः अवतरित हो चुके हैं। शिव ज्ञानामृत का पान कर उनसे सुख-शांति का वरदान प्राप्त करें।

### शिव मंदिर में रुद्राभिषेक एवं भंडारा

शास्त्री फार्म हाउस,नगोई स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ रुद्राभिषेक एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ के अभिषेक एवं पूजन-अर्चन के साथ हुई। पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच रुद्राभिषेक संपन्न हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजक गणेश शास्त्री ने बताया कि यह मंदिर विगत 46 वर्षों से आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



### रामा लाइफ सिटी : शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा





रामा लाइफ सिटी सकरी में नर्मदेश्वर शिवलिंगम और शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा का समापन हुआ। जिसमें मुख्य आचार्य मोहन पाठक जी द्वारा शिखर कलश शिखर ध्वज के उपरांत महाअभिषेक किया गया, तत्पश्चात हवन के बाद भंडारे का भी प्रसाद वितरित किया गया। रामा लाइफ सिटी सकरी के समिति और महिला मंडल के अलावा यहां सभी रहवासियों ने इस शिव के अनुष्ठान में सहभागिता निभाई।

## बप्पी दा ने भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री को एक नई बीट

# एक साल में 180 गानों का रिकॉर्ड, गिनीज में एंट्री

*मुंबई। भारतीय सिनेमा में जब भी 'डिस्को' की धुन बजती है, दिल और दिमाग एक साथ जिस नाम को याद करते हैं, वह है बप्पी लहरी। सोने की चमचमाती चेन, काले चश्मे, घुंघराले लंबे बाल और चेहरे पर सजी मासूम मुस्कान-उनकी शख्सियत ही अपने आप में एक स्टाइल स्टेटमेंट थी। वे सिर्फ गायक या संगीतकार नहीं थे, बल्कि एक दौर की पहचान थे। 'डिस्को किंग' के नाम से मशहूर बप्पी दा ने भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री को एक नई बीट, नई चमक और नया अंदाज दिया। उनकी मौजूदगी मंच पर अलग ही ऊर्जा भर देती थी, और उनकी धुनें सुनते ही पैर खुद-ब-खुद थिरकने लगते थे। 80 और 90 के दशक में उनका संगीत सिर्फ ट्रेंड नहीं, बल्कि एक क्रेज बन चुका था। बप्पी लहरी ने अपनी अनोखी स्टाइल और जोशीले संगीत से खुद को भीड़ से अलग साबित किया।*



**संगीत विरासत में मिला** : 27 नवंबर 1952 को बंगाल के एक संगीत परिवार में जन्मे बप्पी दा के लिए सुर और ताल जैसे खून में ही थे। उनके पिता अपरेश लहरी और मां बंसरी लहरी दोनों ही प्रसिद्ध गायक-संगीतकार थे। सिर्फ तीन साल की उम्र से उन्होंने संगीत की तालीम लेना शुरू कर दी थी। क्लासिकल तबला वादन की शिक्षा उन्होंने मशहूर गुरु पंडित शांताप्रसाद से ली। 11 साल की उम्र तक आते-आते वह पियानो बजाने लगे थे। आगे चलकर उन्होंने हिंदी, बंगाली और दक्षिण भारतीय भाषाओं में 5 हजार से अधिक गाने गाए और 500 से ज्यादा फिल्मों में संगीत दिया।

### करियर की शुरुआत से सुपरहिट पहचान तक

बप्पी दा ने 1973 में फिल्म नन्हा शिकारी से बतौर संगीत निर्देशक अपने सफर की शुरुआत की। हालांकि असली पहचान उन्हें 1975 की फिल्म जख्मी से मिली। इस फिल्म में उन्होंने न सिर्फ संगीत दिया, बल्कि प्लेबैक सिंगर के रूप में भी अपनी आवाज का जादू चलाया। इसके बाद उनकी धुनें हर पार्टी, हर शादी और हर जश्न की जान बन गईं। उनका पॉप और डिस्को का फ्यूजन उस दौर में बिल्कुल नया था। तेज बीट्स और कैची धुनों ने उन्हें युवाओं का चहेता बना दिया।

### एक साल, 33 फिल्में और 180 गाने

बप्पी लहरी का मानना था कि साल में दो-तीन फिल्में करना ही काफी है, लेकिन जुनून जब सिर चढ़कर बोले तो इतिहास बन जाता है। साल 1986 में उन्होंने 33 फिल्मों के लिए 180 से ज्यादा गाने रिकॉर्ड कर एक अनोखा रिकॉर्ड कायम किया।

### हमेशा याद रहेंगे 'डिस्को किंग'

बप्पी लहरी ने सिर्फ गाने नहीं बनाए, बल्कि एक दौर को आवाज दी। उनकी धुनों ने पीढ़ियों को थिरकाया और भारतीय संगीत में डिस्को की चमक हमेशा के लिए दर्ज कर दी। उनकी स्टाइल, उनका संगीत और उनकी मुस्कान-सब कुछ आज भी उतना ही यादगार है।

## रशिमका के रिसेप्शन का कार्ड वायरल



*मुंबई। रश्मिका मंदाना की शादी को लेकर नया अपडेट सामने आया हैं। सोशल मीडिया पर कपल के रिशेप्सन का कार्ड वायरल हो रहा है। कार्ड के मुताबिक रिशेप्सन 4 मार्च को होने वाला है। बीते दिनों रिपोर्ट्स में कई महीनों से दावा किया जा रहा है कि रशिमका इस साल फरवरी के आखिर यानी 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंध सकती हैं। बताया जा रहा है कि उदयपुर के एक महल में रशिमका और विजय देवरकोंडा शादी करेंगे, जहां सिर्फ करीबी परिवार और करीबी दोस्त शामिल होंगे। उदयपुर में होने वाली शादी के बाद यह कपल मार्च में हैदराबाद में ग्रैंड रिसेप्शन देने की तैयारी कर रहा है। बीते दिन खबर आई थी कि 4 मार्च को शहर के एक बड़े कन्वेंशन सेंटर में ग्रैंड रिसेप्शन दिया जा सकता है। इस मौके पर साउथ से लेकर बॉलीवुड तक के कई बड़े सितारे शामिल हो सकते हैं। वहीं आज वायरल कार्ड मे भी 4 मार्च डेट मेंशन की गई है। कार्ड का काफी सिंपल और एलीगेंट लग रहा है। विजय या रश्मिका की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।*

## क्रिस्नन बनने वाली हैं मां, दिखाया बेबी बंप...



**मुंबई।** छोटे परदे की मशहूर एक्ट्रेस क्रिस्नन बैरेटो ने अपने फैंस के साथ दिल को छू लेने वाली खबर शेयर की कि वह अपने पति नाथन करमचंदानी के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। कपल ने बताया कि उनका दो लोगों का परिवार जल्द ही तीन का होने वाला है। 'कैसी ये यारियां' से फेमस हुईं क्रिस्नन ने इस खास मौके को मार्क करने के लिए नाथन के साथ इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। अपने जॉइंट पोस्ट में उन्होंने लिखा कि यह आखिरी वैलेंटाइन्स डे होगा, जिसे वे सिर्फ एक कपल के तौर पर मनाएंगे, क्योंकि एक बच्चा आने वाला है। क्रिस्नन ने प्रेग्नेंसी को ऑफिशियली अनाउंस करने के लिए एक क्रिएटिव वीडियो शेयर किया। क्लिप की शुरुआत कपल के हाथ में एक अखबार से होती है, जिसकी हेडलाइन है, 'ब्रेकिंग न्यूजः बेबी रास्ते में है!'



## महाशिवरात्रि में जमकर थिरकीं तमन्ना

**कोयंबटूर।** ईशा फाउंडेशन में आयोजित महाशिवरात्रि के जश्न में बॉलीवुड सेलेब्स का जमावड़ा देखने को मिला। बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया का डांस वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे लोगों के साथ थिरकती दिखीं। तमन्ना भाटिया कई सालों से महाशिवरात्रि के जश्न का हिस्सा बनती आ रही हैं, और इस बार भी वे भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखीं। सिंपल व्हाइट लुक के साथ अभिनेत्री को पूरे जोश के साथ डांस करते हुए देखा गया। अभिनेत्री का डांस सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। महाशिवरात्रि के भव्य कार्यक्रम में सारा अर्जुन और श्रीनिधि शेट्टी को भी देखा गया। दोनों अभिनेत्रियों के लिए महाशिवरात्रि के भव्य समारोह का अनुभव बहुत अच्छा रहा।



## ओ रोमियो ने बॉक्स ऑफिस पर मारी बाजी...

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनकी तृप्ति डिमरी संग केमिस्ट्री को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म अच्छा कलेक्शन कर रही है। भारत में वीकेंड के दौरान इस फिल्म ने तीन दिनों में 30 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के अनुसार, पहले दिन ओ रोमियो ने भारतीय बाजार में 8.5 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन फ़ल्मि ने 12.65 करोड़ कमाई और तीसरे दिन 09 करोड़ की कमाई की। इस तरह फ़ल्मि ओ रोमियो ने भारतीय बाजार में 30 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।

बता दें, विशाल भारद्वाज निर्देशित फिल्म ओ रोमियो में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी लीड रोल में हैं।

## भारत में पहली बार धमाल मचाने आ रहे कान्ये वेस्ट

**नई दिल्ली।** भारत में लाइव म्यूजिक और इंटरनेशनल कॉन्सर्ट्स का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। इस कड़ी में अब लोगों के बीच अमेरिकी रैपर और सॉन्गराइटर कान्ये वेस्ट के लाइव परफॉर्मेंस को लेकर जमकर उत्साह है।



यह कॉन्सर्ट कान्ये के करियर का भारत में पहला शो होगा। कान्ये वेस्ट का यह कॉन्सर्ट 29 मार्च को राजधानी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के तौर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम को चुना गया है। यह शो तकनीक, विजुअल्स और साउंड के स्तर पर भारत के सबसे भव्य कॉन्सर्ट्स में से एक होगा। कान्ये वेस्ट का म्यूजिक करियर हमेशा से एक्सपेरिमेंट और बदलावों से भरा रहा है। उन्होंने हिप-हॉप को पारंपरिक 'गैंगस्टर रैप' से बाहर निकालकर एक नई पहचान दी।

अटलांटा में जन्मे और शिकागो में पले-बढ़े कान्ये ने कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़कर म्यूजिक को करियर चुना। शुरुआती दौर में उन्होंने बतौर म्यूजिक प्रोड्यूसर काम किया और मशहूर रैपर जे-जेड के लेबल रॉक-ए-फेला रिकॉर्ड्स से जुड़े। यहीं से उनकी 'चिपमंक सोल' प्रोडक्शन स्टाइल को पहचान मिली।रिकॉर्डिंग आर्टिस्ट के तौर पर कान्ये का डेब्यू एल्बम 'द कॉलेज ड्रॉपआउट' बेहद सफल रहा और इसे आलोचकों से भी खूब सराहना मिली। इसके बाद उनका दूसरा एल्बम 'लेट रजिस्ट्रेशन' आया, जिसने उन्हें और ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया।

### रिलीज होते ही छाया 'नागबंधम' का टीजर

**मुंबई।** 'नागबंधम' के मेकर्स एक बहुत बड़ा माइलस्टोन सेलिब्रेट कर रहे हैं, क्योंकि महाशिवरात्रि के मौके पर रिलीज हुए फिल्म के टीजर ने सभी प्लेटफॉर्म्स पर महज 24 घंटों के भीतर 20 मिलियन से ज्यादा व्यूज बटोर लिए हैं।



टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक नोट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने भगवान के आशीर्वाद और दर्शकों के सपोर्ट के लिए अपना आभार जताया है। सोशल मीडिया पर मेकर्स ने लिखा, भगवान शिव के आशीर्वाद और दर्शकों के ढेर सारे प्यार के साथ महज 24 घंटों में 20 मिलियन से ज्यादा डिजिटल व्यूज पार कर लिए हैं। फिल्म पैन-इंडिया लेवल पर 2026 की गर्मियों में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सुपरस्टार महेश बाबू ने इस टीजर को लॉन्च किया है, जिसे हर तरफ से बहुत प्यार मिल रहा है। प्राचीन भारतीय लोककथाओं और तांत्रिक खजाने के रहस्यमयी कॉन्सेप्ट पर आधारित यह टीजर एक भव्य पौराणिक दुनिया की झलक दिखाता है। फिल्म के बड़े स्केल, दमदार बैकग्राउंड स्कोर और इसके शानदार प्रेजेंटेशन की काफी तारीफ हो रही है।

## अभिनय के बाद श्वेता ने रखा फिल्म निर्माण में कदम....

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने प्रोड्यूसर के रूप में महिलाओं पर आधारित और क्वीर कहानियों को सपोर्ट करने का फैसला किया है, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह सही है और इस काम में उन्हें खास महसूस होता है।

एक आर्टिस्ट के तौर पर यह उनके लिए एक बड़े मकसद का हिस्सा है। श्वेता ने हाल ही में अपनी पहली क्वीर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' को प्रोड्यूस करने की घोषणा की है। इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम मुख्य भूमिका में हैं और यह एक क्वीर लव स्टोरी है, जो इस साल फ्लोर पर आने की उम्मीद है। फिल्म में श्वेता खुद भी अभिनय कर रही हैं। अभिनेत्री ने बताया, मेरे लिए यह बहुत पर्सनल है। अगर हम समाज में कोई खास बदलाव देखना चाहते हैं, तो हमें खुद इसका हिस्सा बनकर शुरुआत करनी होगी। महिलाओं और क्वीर लाइफ की कहानियां हमेशा से मौजूद रही हैं, लेकिन उन्हें वह जगह और सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार हैं। अब जब मुझे चुनने और कुछ बनाने का मौका मिला है, तो मुझे इसका सही इस्तेमाल करना है।वह चाहती हैं कि यह कहानी दर्शकों को जानी-पहचानी और खास लगे। उनका मानना है कि क्वीर कहानियां असरदार होने के लिए जोरदार या सनसनीखेज नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया, "कभी-कभी ये कहानियां कोमल और रोजमर्रा की होती हैं। वे हमेशा खुद को जाहिर नहीं करतीं, लेकिन आपके साथ रहती हैं। मैं इसी तरह के काम से जुड़ना चाहती हूं।




**न्यायालय प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस**

प्रकरण क्र./व्य.प्र.सं. 13ए/2025
आदेश दिनांक 7.2.2026
पेशी दिनांक 20.3.2026
प्रोसेस क्र. 35/2026

श्रीमती वेनिसा डेनियल पति रोनाल्ड डेनियल निवासी तारबाहर डिसाईपल्स चर्च के सामने बिलासपुर (छ.ग.)... आवेदिका

विरूद्ध

श्री रोनाल्ड डेनियल पिता रौडनी डेनियल निवासी वार्ड नं. 15 एफ.सी.आई. गोदाम रोड तारबाहर बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)... अनावेदक,

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती वेनिसा डेनियल ने अनावेदक के विरूद्ध धारा 13ए बाबत आवेदन पत्र पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 20.03.26 को है।

अनावेदक श्री रोनाल्ड डेनियल उम्र 38 पिता श्री रौडनी निवासी तारबाहर को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 20.03.26 को न्यायालय में प्रातः 11.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 20.03.26 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 10.2.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 10.02.26
स्थान बिलासपुर (छ.ग.)

**प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ Q/ तह./वा./ 2026
बिलासपुर, दिनांक 06/02/2026

मौजा जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूनाबिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 12 में से रकबा 581.8 वर्गफीट / एकड़ भूमि चौहद्दी उत्तर में गुप्ता का मकान दक्षिण में आम रास्ता पूर्व में आवेदिका की बचत भूमि पश्चिम सुजाता गुप्ता का मकान है, आवेदन अनुसार आवेदक/उनके पूर्वज दिनांक 29/03/2005 को रजिस्ट्री से प्राप्त होने से आवेदन अनुसार आवेदिका श्रीमती रामकुमारी गुप्ता पति स्व.श्री धर्मराज गुप्ता निवासी पचरी घाट जूनाबिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा कब्जा प्रमाण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 27/02/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 06/02/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

क्रमांक/क/तह/वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 13/02/2026

ग्राम जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न. 36 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 537/2 में से रकबा 0.50 भूमि का छ.ग. राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक **अशोक कुमार त्रिपाठी पिता श्री हरिशंकर त्रिपाठी** निवासी मसानगंज बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 13/03/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 13/02/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ Q/ तह./वा./ 2026
बिलासपुर, दिनांक 13/01/2026

मौजा जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूनाबिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 820 रकबा 1465 वर्गफीट/एकड़ भूमि चौहद्दी उत्तर में खेमसिंह की बचत भूमि दक्षिण में मंगलसिंह की खरीदशुदा भूमि पूर्व में निस्तारी रास्ता पश्चिम मिसेस मॉटिम की भूमि है, आवेदन अनुसार आवेदक/उनके पूर्वज दिनांक 27/11/1979 को रजिस्ट्री से प्राप्त होने से आवेदन अनुसार आवेदिका श्रीमती मेघा देवी गुप्ता पिता स्व. श्री पुलाराम गुप्ता निवासी किला वार्ड जूनाबिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा कब्जा प्रमाण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 05/03/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 13/01/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, बिलासपुर छ.ग.**

क्रमांक 161/ तकनीकी/क्षे.प.अ./2026
बिलासपुर, दिनांक 16/2/2026

**प्रारूप-37**
**[ नियम-61 (3)]**

वित्तपोषक के नाम नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी की सूचना।
रजिस्ट्री कर्ता प्राधिकारी बिलासपुर छ.ग. सं-
तारीख 06/02/26

BHUSHAN SINGH WARD NO. 20 CHATA TOLA ANUPPUR (C.G) को यह सूचित किया जाता है कि INDUSIND BANK LTD वित्तपोषक को सूचित किया जाता है कि उस उक्त करार उपबंध अधीन आपने व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटरयान जिसका रजिस्ट्रीकरण सं. CG10AV 1317 है. कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि 1. आपने उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अतः आपको उक्त यान के जो कि आपके द्वारा आधिपत्य खोये जाने और एतद्वारा धारा 2 (30) के अंतर्गत मोटरयान के स्वामित्व खोये जाने के बावजूद भी रोका हुआ है, को अभ्यर्पित करने और इस संबंध में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो आपके द्वारा इस सूचना-पत्र की प्राप्ति की तारीख से 7 दिनों के भीतर इस कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर धारा 5 (15) के अनुसार, आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र को निरस्त कर वित्तपोषक के नाम रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा

**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/Q /अति.तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 16/02/2026

ग्राम तिफरा के सर्व साधारण /आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 788/10 रकबा 0.008 एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री नफीसा नूर आ. मो. रहमान निवासी तालापारा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी भी व्यक्ति /संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 27/02/26 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 16/02/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम स्वाति रोस टोप्पो (SWATI ROSE TOPPO) एवं मेरे पति श्री हेरमन टोप्पो, निवासी चरनी, W/14/383, गिरधर विहार कालोनी, उस्लापुर रेल्वे स्टेशन के पास, बिलासपुर-495001 (छ.ग.) विवाह पूर्व सभी अकादमिक दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरा नाम स्वाति रोश एक्का (SWATI ROSH EKKA) लिखा हुआ है जबकि मेरा सही नाम स्वाति रोस एक्का (SWATI ROSE EKKA) है जो कि शादी उपरांत स्वाति रोस टोप्पो (SWATI ROSE TOPPO) हो गया है। भविष्य में मेरे सभी दस्तावेजों एवं कार्यों में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

**न्यायालय प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस**

प्रकरण क्र. MJC 651/26
आदेश दिनांक 7.2.2026
पेशी दिनांक 20.3.2026
प्रोसेस क्र. 93/26

श्रीमती वेनिसा डेनियल पति रोनाल्ड डेनियल निवासी वार्ड नं. 15 तारबाहर डिसाईपल्स चर्च के सामने बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ... आवेदिका

विरूद्ध

रोनाल्ड डेनियल पिता रौडनी डेनियल निवासी वार्ड नं. 15 एफ.सी.आई. गोदाम रोड तारबाहर बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)... अनावेदक

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती वेनिसा डेनियल ने अनावेदक के विरूद्ध धारा 144(3) बाबत आवेदन पत्र पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 20.03.26 को है।

अनावेदक श्री रोनाल्ड डेनियल उम्र 38 पिता श्री रौडनी निवासी तारबाहर को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 20.03.26 को न्यायालय में प्रातः 11.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 20.03.26 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 12.2.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 10.02.26
स्थान बिलासपुर (छ.ग.)

**प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन करने बाबत**

रा.प्र.क्र........ ./25-26
स्थान: खेकतरा
प.ह.न. 34

एतद द्वारा ग्राम खेकतरा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदक मंगल अनंत पिता/पति शिवनंदन अनंत जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अपने स्वयं के पिता/पति/ माता/पिता / पुत्र/ पुत्री शिवनंदन के दिनांक 06/01/2023 के मृत्यु होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह दिनांक 20/02/2026 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन करने बाबत**

रा.प्र.क्र......./ 25-26
स्थान: सारधा...
प.ह.न.30.

एतद द्वारा ग्राम सारधा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदक रामप्रसाद साहू पिता/पति पुन्नी राम साहू जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अपने स्वयं के पिता/ पति/ माता/ पिता/ पुत्र /पुत्री रामप्रसाद साहू के दिनांक 25/06/1964 के जन्म होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह दिनांक 02/03/2006 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन करने बाबत**

रा.प्र.क्र./25-26
स्थान खेकतरा प.ह.न. 34

एतद द्वारा ग्राम खेकतरा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदक उमाशंकर अनंत पिता गंगदेव जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अपने स्वयं के पिता गंगदेव के दिनांक 15/10/1996 के मृत्यु होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह दिनांक 20/02/2026 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन करने बाबत**

रा.प्र.क्र......25-26
स्थान खेकतरा
प.ह.न.34

एतद द्वारा ग्राम खेकतरा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदक भुनेश्वर अनंत पिता/पति खगदेव जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अपने स्वयं के पिता/ पति/ माता/ पिता / पुत्र / पुत्री खगदेव के दिनांक 09/01/2005 के मृत्यु होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह दिनांक 20/02/2026 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है | नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया |

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन करने बाबत**

रा.प्र.क्र./25-26
स्थान: खेकतरा
प.ह.न. 34

एतद द्वारा ग्राम खेकतरा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदक लुवेन्द्र कुमार अनंत पिता/पति-कुलंदन प्रसाद जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि अपने स्वयं के पिता/पति/माता/ पिता/पुत्र /पुत्री दादी सोनसील के दिनांक 01/07/1984 के मृत्यु होने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह दिनांक 20/02/2026 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जावेगा |

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया |



**कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ / वाचक/अति-कले/2026,बिलासपुर,
दिनाँक 11.02.2026

श्री दीपक सिंह परिहार आत्मज श्री राजेन्द्र सिंह परिहार उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम राम्हेपुर कला थाना चिल्फी तहसील लोरमी जिला मुंगेली छ.ग. एवं कुमारी सुमन शंकर आत्मजा श्री भगवाना शंकर उम्र 34 वर्ष निवासी दयालबंद नारियल कोठी थाना सिटी कोतवाली तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 23.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।

**(एस.एस.दुबे)**
**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक / Q / सीमांकन /रा.नि./2025
बिलासपुर, दिनांक 13/02/2026

1. आवेदक श्रीमती अनीता वर्मा पिता स्व. विश्वनाथ प्रसाद वर्मा आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी. 2. के.रा.सहकारी समिति 3. पुरू साहू 4. नारद वर्मा 5. भागवत / रतन 6. सीमा देवी पति सुनील कुमार अग्रवाल 7.कुमारी लुनेश्वरी पि.दुल्लीचंद 8. यशवंत राव वल्द अमृत राव भोसले एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार /ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक / Q /तह. /ना.तह./वा./2025 बिलासपुर, दिनांक 11/12/2026

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29, रा.नि.मं., मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 109/2 में से (109/3) - रकबा 0.25 एकड़ -हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक श्रीमती अनीता वर्मा निवासी राजेन्द्र नगर बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार /नायब तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 26/02/26 को समय 10.00 से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है।

आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होंवे एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक मोपका (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### बाबाजी की दी गई शिक्षा आज भी प्रासंगिक




**लोरमी।** ग्राम जोतपुर में दो दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का जो संदेश दिया, वह समाज को समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। बाबाजी की दी गई शिक्षा आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ,गुरमीत सलूजा, रवि शर्मा, लेख राज ठाकुर, रामेष्वर बंजारे, राजा मिरी, रत्ना संजय काठले, रजनी मानिक लाल सोनवानी, नोहर कोहली, डीएल भास्कर, आरती त्रिलोक कोशले सरपंच ,पन्नालाल कुर्रे भंडारी, मोहरदास कुर्रे, त्रिलोक कोशले, तारन कोशले, गया प्रसाद कोशले, अजीत घृतलहरे, अश्वा अनंत, राजेंद्र सोनकर, हेमंत खांडेकर, भुनेश्वर रावल भागवत कामले, भागवत घृतलहरे, रविशन घृतलहरे, बलदेव बांधडे, रेशम कोशले, रविन्द्र कुर्रे, शंकर डहरिया, विजय कामले, फागू डहरिया, सोनदास बंजारा सहित अन्य मौजूद थे।

### पातालेश्वर साहित्य समिति ने की काव्य गोष्ठी



**मल्हार।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पातालेश्वर साहित्य समिति द्वारा कवि गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर स्थानीय कवि व साहित्कारों ने कविता के माध्यम से अपनी बात रखी। कवि राजकिशोर पांडेय, दिनेश पांडेय, शेषनारायण गुप्त, दीपक जायसवाल आदि ने अपनी कविताओं का वाचन कर समा बांध दिया। वरिष्ठ नागरिक ओम प्रकाश पांडे, विजय गुप्ता, अकत राम सिन्हा ने संस्मरण सुनकर गोष्ठी को बेहद सफल बनाया। इस अवसर पर कवि गुप्त ने संगोष्ठी संचालन करते हुए आज के माहौल में काम नहीं करने की प्रवृत्ति पर चिंता जाहिर की। रतनपुर में निवासरत कवि दिनेश पांडे ने महाशिवरात्रि पर्व पर शिव जी, देवाधिदेव, आशुतोष पातालेश्वर की महिमा का बखान माहौल को श्रद्धा से ओतप्रोत कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता व कवि राजकिशोर पांडे ने आज की राजनीति पर तीखा व्यंग्य करते हुए नेताओं के समाज में योगदान को विस्तार देते हुए अपनी बात कविता व व्यंग्य के माध्यम से रखी जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर सौरभ गुप्ता, चेतन तिवारी, सूर्यांश गुप्ता, रघुराज पांडे, सुरेश अवस्थी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### साहू समाज के पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



**पेंड्रा।** महाशिवरात्रि एवं सत्यनारायण बाबा की 29वीं वर्षगांठ पर प्रदेश साहू संघ द्वारा बिलासपुर संभाग के सभी निर्वाचित जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष एवं महिला संगठन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला जीपीएम के पदाधिकारी रमेश साहू, अनिल साहू, भारती साहू एवं लक्ष्मी कमलेश साहू ने संगठन में निर्वाचित पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित प्रदेश साहू समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक उत्थान के संकल्प को दोहराया गया। उपस्थित अतिथियों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोह धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं संगठनात्मक सशक्तिकरण का प्रतीक बनकर संपन्न हुआ।

### क्षत्रिय कन्नौजिया समाज के अध्यक्ष बने आनंद



**मुंगेली।** क्षत्रिय कन्नौजिया समाज के चुनाव में आनंद वल्लभ सिंह अध्यक्ष बने। श्री सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 420 वोटों के बड़े अंतर से पराजित किया। चुनाव में कुल 1712 मत पड़े, जिसमें से आनंद वल्लभ सिंह को 1061 मत प्राप्त हुए, जबकि प्रतिद्वंद्वी को 641 वोट मिले। बूथ क्रमांक 5 में भी आनंद वल्लभ सिंह को 221 वोट मिले, जबकि भैय्यालाल सिंह को 65 मत प्राप्त हुए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। अपने संबोधन में आनंद वल्लभ सिंह ने कहा कि वे समाज की एकता, संगठन की मजबूती और विकास के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरे समाज की जीत है।

महाशिवरात्रि पर शिवालयों में लगी भक्तों की भीड़

# श्रद्धालुओं ने किया पातालेश्वर महादेव में जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार





महाशिवरात्रि पर्व पर महादेव में जलाभिषेक करने धर्मनगरी मल्हार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके साथ ही नगर में 15 दिवसीय मेला भी शुरू हो गया।

रविवार को पातालेश्वर महादेव मंदिर में ब्रम्ह मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। देर रात तक यहां भीड़ रही। दूर दूर से कांवड़ियों के कई जत्थे बोल बम, हर हर महादेव के जयकारा लगाते मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने जलाभिषेक किया। सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं व युवतियों की रही जिन्होंने अपनी मनोकामना के लिए पूजा की थाली में बेलपत्र, धतूरा, आंक फूल पत्ते, टेसू फूल, कनेर, दूर्वा, चावल, आम का मौर, दूध, पंचामृत, गन्ना रस, गंगाजल, नारियल, धूप, दीप के अलावा विभिन्न पूजा सामग्रियों से भोले नाथ की पूजा की। कई लोग जमीन नापते भगवान शिव शंकर के शरण में पहुंचे और आशीर्वाद मांगा। नगर के पौराणिक महत्व के प्रसिद्ध परमेश्वरा सरोवर में भी सैकड़ों लोगों ने स्नान कर पवित्र जल से अभिषेक किया। इसके अलावा विश्व प्रसिद्ध मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर भी श्रद्धालुओं से दिनभर गुलजार रहा। जलाभिषेक करने आए प्रायः सभी लोग 1 किमी पैदल चलकर माता के दरबार पहुंचे। इस परिसर में भी दिनभर मेले जैसा माहौल रहा। इसी तरह देउर मंदिर का दर्शन कर लोगों ने गार्डन में बच्चों के साथ समय बिताया और मेले में खरीददारी भी करते रहे।

शिव आराधना के इस विशेष पर्व पर इस बार 20 हजार से ज्यादा लोगों ने भगवान पातालेश्वर में जलाभिषेक किया। भीड़ को नियंत्रित व व्यवस्थित करने तथा मंदिर परिसर में व्यवस्था बनाने पुलिस कर्मियो के अलावा एनएसएस के बच्चों ने भी योगदान दिया। वे सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं को दर्शन कराने व कोई भी मदद के लिए तत्पर रहे। मंदिर परिसर में अस्थाई कार्यालय बनाया गया है जहां नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि व कर्मचारी व्यवस्था पर नजर रखकर लोगो से किसी भी प्रकार की मदद के लिए अपील कर रहे है यह व्यवस्था पूरे 15 दिन मेला के दौरान रहेगी। हालांकि मुख्य मार्ग संकीर्ण होने से विभिन्न साधनों से आए लोगो को गाड़ी पार्क करने मसक्कत करना पड़ा। पुलिस ने यातायात व्यवस्था बनाने बस स्टैंड से मन्दिर तक जाने बड़ी गाड़ियों को रोक दिया व बाईपास को वन वे बनाकर गाड़ियों को निकाला गया। मेला में व्यवस्था बनाने में नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर कैवर्त, उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे अपने पार्षदों के साथ दिनभर जुटे रहे।



## ज्वेलरी शॉप में चोरी के आरोपी दो सगे भाई बंदी

**मुंगेली।** ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी के मामले में दो सगे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। थाना सिटी कोतवाली में धारा 305(2), 3(5) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई।

सतीश कुमार सोनी पिता स्व. रूपनाथ सोनी उम्र 58 वर्ष, निवासी बलानी चौक मोनिका ज्वेलर्स द्वारा 11 फरवरी को थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 10 फरवरी को दोपहर लगभग 2 बजे एक अज्ञात व्यक्ति सोने का पेंडल मंगलसूत्र खरीदने के बहाने दुकान में आया तथा पेंडल दिखाने के दौरान अवसर पाकर सोने का पेंडल चोरी कर फरार हो गया। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 305(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। जिसमें दो अज्ञात संदेही युवक एक ब्लैक-रेड रंग की मोटर सायकल बिना नंबर प्लेट के दुकान के सामने खड़े दिखे। एक व्यक्ति बाहर मोटर सायकल पर बैठा था तथा दूसरा दुकान के अंदर जाकर पेंडल दिखाने के बहाने चोरी कर बाहर निकलकर साथी के साथ फरार हो गया। पतासाजी दौरान सीसीटीवी फुटेज, नगर के हाईटेक कैमरों एवं मुखबीर सूचना के आधार पर संदेहियों की पहचान ग्राम घोरबंधा थाना लोरमी निवासी श्लोक कुमार पात्रे पिता राजकुमार, उम्र 22 वर्ष, विवेक कुमार पात्रे पिता राजकुमार, उम्र 19 वर्ष के रूप में की गई। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार किया गया। आरोपियों ने घटना के समय मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 एस 8197 की नंबर प्लेट निकालकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी श्लोक पात्रे एवं विवेक पात्रे द्वारा 9.05 ग्राम वजनी सोने का पेंडल कीमती लगभग 85 हजार रूपए चोरी कर मोटर सायकल की सीट के अंदर छिपाकर रखा गया था। 15 फरवरी को आरोपियों को चोरी का माल बिक्री हेतु ले जाते समय पकड़ा गया। जिनके कब्जे से 1 नग सोने का पेंडल वजन 9.05 ग्राम, कीमती लगभग 85 हजार रूपए व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 एस 8197, कीमती लगभग 1 लाख कुल जुमला मशरूका 1 लाख 85 हजार जप्त कर दोनों आरोपियों श्लोक कुमार पात्रे पिता राजकुमार, उम्र 22 वर्ष, विवेक कुमार पात्रे पिता राजकुमार, उम्र 19 वर्ष निवासी घोरबंधा, थाना लोरमी को विधिवत गिरफ्तार कर 16 फरवरी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### 5 कुंडीय महायज्ञ व महाकाल मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न



**सीपत।** महाशिवरात्रि पर गायत्री यज्ञ महाकाल मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का समापन हुआ। इस अवसर पर यज्ञ में आहुति अर्पित कर एवं महाआरती की गई। साथ ही एक जोड़े का विवाह कराया गया। मुंडन संस्कार, उपनयन संस्कार कराया गया। । इस मौके पर तिजराम, दिलीप, दिनेश ठाकुर शैलु, दामोदर भीम, शिव, लक्ष्मी विष्णु प्रितम, छोटे लाल, गनपत, महेश, राजेश, सुदर्शन देवकुमार, उदयराम हेतराम, सुरताराम, देव सहित अन्य मौजूद थे।

### मौहाभाठा में किया गया सार्वजनिक रुद्राभिषेक



**तखतपुर।** महाशिवरात्रि पर मौहाभाठा के पिल्लूराम साहू के निवास पर सार्वजनिक रूद्राभिषेक किया गया। जिसमें महादेव का दूध, दही, घी, शहद, शक्कर से अभिषेक कर उन्हें बेलपत्र, समीपत्र, आंक, धतूरे का फूल एवं फल अर्पित किए गए और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर दिव्या साहू, संगीता साहू, दीपिका साहू, अम्बा साहू, गंगा साहू, पिल्लूराम, सुरेश साहू, चंद्रकुमार, गितेश, दीक्षा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शिव महापुराण के समापन में निकली शिव की बारात



**तखतपुर।** धुरी समाज की ओर से आयोजित श्री शिव महापुराण में समापन दिवस को कथा स्थल से महादेव की बारात निकाली गई जिसमें जीवंत झांकी भी निकाली गई। लोग महादेव के गण की वेशभूषा में बाजे गाजे के साथ निकले। इस अवसर पर नकूल धुरी, नर्मदा धुरी, अनिल कुमार धुरी, अशोक कुमार धुरी, दिलहरण धुरी, दाऊराम धुरी, तेजा धुरी, किरण धुरी, सुनील धुरी, रामप्रसाद, संजय, माधो, बाला, गोल्ड, संजू, प्रेम प्रताप, गोपाल आदि मोजूद थे।

### मांगों को लेकर ग्रामीण आज करेंगे चक्काजाम

**सीपत।** जेवरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से अतिक्रमण हटाने तथा खम्हरिया–सोंठी–नवापारा से अदराली तक लगभग 12 किलोमीटर जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर वनांचल के ग्रामीण आंदोलन के मूड में हैं। जनपद सदस्य लक्ष्मीन देव सिंह पोर्ते ने बताया कि मस्तूरी विकासखंड की ग्राम पंचायत खम्हरिया मुख्य मार्ग पर मांगों को लेकर 17 फरवरी को चक्काजाम किया जाएगा।

## योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही सुशासन का आधारः कलेक्टर



**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। बैठक में उन्होंने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही सुशासन का आधार है और प्रत्येक अधिकारी को जवाबदेही के साथ कार्य करना चाहिए।

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि यह शासन की एक अत्यंत लाभकारी एवं महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को सौर ऊर्जा से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सीएसपीडीसीएल अंतर्गत योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने जिन जिलों में योजना के क्रियान्वयन में बेहतर प्रदर्शन हुआ है, उनका तुलनात्मक मूल्यांकन कर जिले की प्रगति के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति एवं रैंकिंग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना, टेक होम राशन (टीएचआर) सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और हितग्राहियों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को योजनावार प्रगति पत्रक तैयार करने, उसका नियमित मूल्यांकन करने तथा कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय सहित अन्य विभागों की समीक्षा कर लक्षित प्रगति लाने निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इरकॉन कंपनी ने नहीं किया 80 लाख का भुगतान, स्टॉफ ने दिया धरना






■ विगत 3 वर्षों से का रोका गया भुगतान, ठेकेदार ने लगाया आरोप

**गौरेला ।** इरकॉन कंपनी द्वारा तीन साल का 80 लाख रुपए का भुगतान ठेकेदार को नहीं करने एवं स्टॉफ का पेमेंट नहीं देने से नाराज स्टॉफ के लोगों ने काम बंद कर धरना प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय गौरेला के ग्राम सधवानी एवं सारबहरा के मध्य पेंड्रा रोड गेवरा रेल लाइन का कार्य चल रहा है। कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। 2021 से दोबारा टेंडर के माध्यम से यह कार्य प्रारंभ किया गया था जिस पर ठेकेदार ने कार्य किया परंतु 3 वर्षों में लगभग 80 लाख रुपए आज तक प्राप्त नहीं हुआ। इरकॉन कंपनी को यह कार्य करना था लेकिन कंपनी ने यह कार्य सनवर्स प्राइवेट लिमिटेड को दे दिया। कंपनी के द्वारा भुगतान नहीं किए जाने के कारण ठेकेदार ठेके में प्रयुक्त मशीनों का किस्त जमा नहीं कर पा रहा है। कंपनी में कार्यरत स्टाफ का भी भुगतान नहीं हुआ, जिससे परेशान होकर स्टॉफ ने निर्माणाधीन रेल लाइन पर कार्य बंद कर धरना दिया। ठेकेदार सुखदेव सिद्धू ने बताया मुख्य कंपनी इरकॉन कंपनी है, जिसने सनवर्ष कंपनी को यह कार्य दिया था। इसी कंपनी से एग्रीमेंट वर्ष 2021 में हुआ है। अर्थ वर्क का कार्य था जो किया। कंपनी ने केवल रनिंग बिल निकालकर भुगतान किया है। 70 से 80 लाख रुपए का भुगतान अभी तक कंपनी ने नहीं किया है। भुगतान न करना पड़े इसलिए बाकी कार्य को किसी अन्य ठेकेदार को दे दिया गया है। विगत 3 वर्षों से सनवर्ष कंपनी ने भुगतान रोककर रखा हुआ है और जो रकम दी भी है तो तीन लाख रुपये कर दी है जिससे हम ना अपने वर्करों को वेतन दे पा रहे हैं और ना ही कार्य में प्रयुक्त वाहनों का किस्त भर पा रहे हैं। किस्त ना भर पाने के कारण कार्य में प्रयुक्त वाहनों की जप्ती की नौबत आ चुकी है। कंपनी बाकी भुगतान नहीं कर रही है जिसके कारण धरने पर बैठे हैं। जिसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी गई है। कार्य बचा है अगर यह काम पूरा कर कंपनी चली जाती है तो हम अपनी राशि के लिए कहां भटकेंगे। धरने में ठेकेदार सहित ठेकेदार के ड्राइवर एवं मजदूर भी शामिल रहे।

## खेल से होती है सहयोग भावना जागृतः छाबड़ा




**मुंगेली।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा एवं अध्यक्ष शाला के प्राचार्य शुभेंदु मंडल थे। मुख्य अतिथि का स्वागत छात्रों ने आकर्षक मार्च पास्ट एवं शाला बैंड में किया। स्वागत भाषण प्राचार्य शुभेंदु मंडल ने दिया।

प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़, पगबाधा दौड़, सेक रेस आदि थे। प्रतियोगिता उपरांत मुख्य अतिथि नवनीत कौर छाबड़ा ने शाला के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होता है एवं खेल के माध्यम से अनुशासन और सहयोग भावना जागृत होती है। खेलों के माध्यम से आप अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं और नगर, शाला एवं अपने अभिभावकों का नाम रौशन कर सकते हैं। आगामी वार्षिक परीक्षा हेतु पढ़ाई पूरी निष्ठा से कर सफल होने की शुभकामनाएं भी दिया। शाला के प्राचार्य शुभेंदु मंडल ने भी छात्रों को संबोधित किया। इस दौरान शाला के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं योग कला का प्रदर्शन किया। जिसका उपस्थित अतिथि एवं अभिभावकों ने प्रशंसा किया। अंत में शाला के उप प्राचार्य डाल्फी मोनटेरो ने आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम समापन की घोषणा किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## सीएमएचओ ने की वार्षिक लक्ष्य के अनुसार उपलब्धियों की समीक्षा



**मुंगेली।** राष्ट्रीय एड्स एवं एसटीडी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में एचआईवीध्एड्स की रोकथाम तथा गर्भवती महिलाओं को शत-प्रतिशत स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने जिले की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वार्षिक लक्ष्यानुसार उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए गर्भवती महिलाओं में एचआईवी, सिफिलिस जांच को और अधिक सुदृढ़ करने तथा संदिग्ध टीबी जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ऑनलाइन पोर्टल में शत-प्रतिशत डाटा एंट्री सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। किसी भी प्रकार की जांच किट की कमी होने पर संबंधित ब्लॉक स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारी को तत्काल लिखित मांग पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ ने निर्देशित किया कि शासकीय अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज को सम्मानपूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में पोस्ट एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस, एचआईवी एक्ट 2017, दिशा रिपोर्टिंग एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संबंध में भी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में एचआईवी/एड्स नियंत्रण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना रहा। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समय-सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

खबर संक्षेप

### दो ढाबा मैनेजरों पर कार्रवाई



**बिलासपुर**। वीडियो वायरल होने के बाद नींद से जागी पुलिस ने शराब पिलाने वाले दो ढाबों के मैनेजरों को पकड़कर कार्रवाई की गई है। पिछले दिनों सोशल मीडिया में चकरभाठा क्षेत्र के काली ढाबा में भोजन के साथ शराब पिलाने की वीडियो वायरल हुआ था। उच्च अधिकारियों के नाराजगी के बाद रविवार को चकरभाठा पुलिस ने काली ढाबा व बालाजी ढाबा में दबिश दी गई, जहां भोजन के साथ लोग शराब पीते मिले। पुलिस को देखकर शराबी शराब, चखना छोड़कर भाग गए। पुलिस ने काली ढाबा के मैनेजर राजेश पेशवानी पिता फत्तेचंद 44 साल वासमु मंगलम चकरभाठा, बालाजी ढाबा के मैनेजर मोनू उर्फ प्रियाकांत पिता बहोरिक खरे नरगोड़ा सीपत निवासी को पकड़कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### गांजा व अवैध शराब बेचते महिला सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर**। पुलिस ने पुड़िया में गांजा व अवैध शराब बेचते महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीपत पुलिस को सूचना मिली मटियारी में एक महिला अवैध रूप से गांजा रखकर पुड़िया में बनाकर बेच रही है। पुलिस ने गांव में दबिश देकर मटियारी निवासी सीमा सिसोदिया पति प्रीतम सिसोदिया 21 साल को पकड़कर उसके पास से 2 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह फरहदा डिपरापारा निवासी मनीराम यादव पिता छोटेलाल यादव 51 साल को पकड़कर उसके पास से 7 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई है।

### गांजा व नगद सहित महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर**। कोटा पुलिस ने एक महिला को पकड़कर उसके पास से 900 ग्राम गांजा व 5 लाख 26 हजार रुपए बिक्री रकम जब्त किया है।



पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। कोटा पुलिस को सूचना मिली गनियारी वर्मा मोहल्ला में एक महिला घर में गांजा रखकर बिक्री कर रही है। पुलिस ने घर में दबिश देकर काजल वर्मा पति कुनानू उर्फ नानू वर्मा 25 साल को पकड़कर उसके पास से 900 ग्राम गांजा व 5 लाख 26 हजार रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**केवल 12 प्रतिशत महिलाओं ने ही अगली बार भरवाई गैस**

**दस साल में बांटे गए तीन लाख से अधिक गैस कनेक्शन**

# उज्ज्वला योजना पर 'लकड़ी-छेना' भारी, 88 प्रतिशत महिलाओं ने नहीं कराई दोबारा रिफिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




अलग खबर

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत महिलाओं को जारी किया गया गैस कनेक्शन 'मुफ्त वितरण' व्यवस्था तक ही सीमित नजर आ रहा है। जिले में दस साल के भीतर योजना के अंतर्गत 3 लाख 3 हजार गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं, जिनमें 88 प्रतिशत महिलाओं ने दूसरी बार गैस भरवाया ही नहीं है।

भारत सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं घुएं रहित रसोई को लेकर प्रारंभ की गई इस महत्वाकांक्षी योजना पर आज भी गांव की पारंपरिक 'लकड़ी-छेना' वाली रसोई हावी नजर आ रही है।

भोजन बनाने के दौरान महिलाओं को घुएं से आजादी दिलाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 1 मई 2016 को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना नामक एक ऐसी महत्वांकांक्षी योजना प्रारंभ की गई थी जो उनके स्वास्थ्य व सुरक्षा के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली साबित होती। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर, चूल्हा, रेगुलेटर एवं पहला रिफिल बिल्कुल मुफ्त दिया जाना था। महिलाओं ने सरकार की मुफ्त योजना का भरपूर लाभ लेते हुए कनेक्शन तो प्राप्त कर लिया, लेकिन दूसरी बार गैस की रिफिलिंग ही नहीं कराई। बीते वर्ष इस संबंध में विधानसभा में उठाए गए प्रश्न के दौरान इस बात का आश्चर्यनजक जवाब प्रस्तुत किया गया था। इसके अनुसार प्रदेश में केवल 12 प्रतिशत महिलाएं ही ऐसी पाई गईं, जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद गैस की रिफिलिंग कराई है। इसी तरह 88 प्रतिशत महिलाओं ने मुफ्त सिलेंडर के बाद कभी अपने गैस की रिफिलिंग ही नहीं कराई। ऐसे में यह शायद सीधा संदेश है कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन लेने वाली महिलाओं के लिए शायद केवल एक चुनावी सौगात के अलावा कुछ नहीं है।

### कब-कब बांटे गए कितने कनेक्शन

उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जिले में तीन चरणों में कनेक्शन जारी किए गए हैं। इसके अंतर्गत सर्वाधिक कनेक्शन शुरूआती पहले चरण में जारी किए गए। इस दौरान जिले में 2 लाख 80 हजार 345 कनेक्शन जारी किए गए थे। इसी तरह दूसरे चरण में 13 हजार 789 कनेक्शन जारी किए गए हैं। वर्तमान में तीसरे चरण के अंतर्गत 13 हजार 767 कनेक्शन जारी किया जाना है, जिसके अंतर्गत 8 हजार 935 कनेक्शन बांटे जा चुके हैं। जिले में आज दिनांक तक जारी किए गए कुल कनेक्शनों की बात करें तो यह संख्या 3 लाख 3 हजार 69 तक पहुंच चुकी है।

### पहुंच विहीन क्षेत्रों में भी गैस एजेंसियां

गैस एजेंसियों की अनुपलब्धता का हलावा देते हुए गैस रिफिल नहीं करवाने वाली बात कोरी बकवास है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के अनुसार प्रदेश में आज की स्थिति में विभिन्न कंपनियों की 475 गैस एजेंसी स्थापित हैं, जो पहुंच विहीन क्षेत्रों में भी लोगों को गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा रही हैं। कई एजेंसियां तो ऐसी भी हैं जो सिलेंडरों की संख्या अधिक होने की स्थिति में संबंधितों को उनके गांव जाकर होम डिलीवरी जैसी सेवाएं भी दे रही हैं। सिलेंडर की रिफिलिंग नहीं करवाने के पीछे गांव के पहुंच विहीन होने को कारण बताना कोरा झूठ साबित होगा।

### हाफ बिजली बिल योजना व हुकिंग एक बड़ा कारण

पिछली सरकार द्वारा प्रदेश में हाफ बिजली बिल योजना प्रारंभ की गई थी। जिसमें चार सौ यूनिट तक बिजली बिल को आधा कर दिया गया था। गांव के बड़े किसान एवं नौकरी-पेशा वालों ने आधी बिजली बिल योजना का भरपूर लाभ लेते हुए हीटर एवं इंडक्शन चूल्हे का उपयोग किया था। इसी तरह छोटे किसान एवं निचले तबके के लोगों ने हुकिंग के जरिए चोरी की बिजली का इस्तेमाल कर मुफ्त में इंडक्शन व हीटर जलाया। ऐसे में घर के पैसे लगाकर सिलेंडर में गैस भरवाना पैसे की बर्बादी समझी गई।

### हर घर में लकड़ी-छेना उपलब्ध

लोगों ने अपने घरों में भले ही मवेशी नहीं पाले हों, लेकिन गांव में आज भी लकड़ी व छेने की उपलब्धता आसानी से हो जाती है। प्रत्येक किसान के खेतों में पेड़ उपलब्ध हैं, जिनसे वे साल भर की रसोई के लिए लकड़ी प्राप्त कर लेते हैं। यह सारी चीजें किसानों को मुफ्त में मिल जाती हैं, जिससे गैस सिलेंडर भरवाकर पैसे खर्च करना इन्हें फिजूलखर्ची लगता है। भले ही सरकार रिफिलिंग पर 367 रूपए की सब्सिडी क्यों न दे रही हो।

### किया जा रहा प्रचार प्रसार

बीते वर्ष इस संबंध में विधानसभा में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार प्रदेश में 88 प्रतिशत लोग ऐसे पाए गए हैं, जिन्होंने उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्राप्त गैस की दोबारा रिफिलिंग ही नहीं कराई है। इसके लिए कंपनी द्वारा न केवल भरपूर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, बल्कि रिफिलिंग पर सरकार सब्सिडी भी दे रही है। इसके बाद भी रिफिलिंग की संख्या न्यूनतम होना समझ से परे है।

**-हेमप्रकाश साहू**, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड एवं नोडल उज्ज्वला योजना

---

**निर्धारित समयावधि में कैसे पूरा होगा निर्माण**

# नौ दिन चले अढ़ाई कोस, याने नेहरू चौक-दर्रीघाट सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच प्रस्तावित सड़क के निर्माण की गति को देखें तो नौ दिन चले अढ़ाई कोस नामक मुहावरे की याद आ ही जाती है। कभी-कभी तो लगता है कि शायद इस सड़क के निर्माण के लिए ही यह मुहावरा बनाया गया है। 32 करोड़ की लागत से बनाई जाने वाली इस सड़क पर गिनती के मजदूर काम करते नजर आ रहे हैं, जिससे इसके निर्धारित समयावधि में पूरा हो पाने पर शत प्रतिशत संदेह है।

- गिनती के मजदूर बना रहे नाली

भारी विरोध और चक्काजाम की स्थिति के बाद आखिरकार नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच प्रस्तावित सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत जूना बिलासपुर मेनरोड में नाली का निर्माण जारी है। दिक्कत यह है कि 10. 07 किलोमीटर लंबाई एवं 32 करोड़ रूपए लागत वाली इस सड़क के निर्माण में गिनती के मजदूर काम कर रहे हैं, जिससे इसकी तय समयसीमा दिसंबर 2026 में पूरा हो पाने की संभावना नहीं के बराबर है, जबकि इस दौरान चार महीने बारिश के भी आने वाले हैं।

नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच वैसे तो यह सड़क 15 मीटर चौड़ी बनाई जानी है, लेकिन मौके पर उपलब्ध जगह के हिसाब से सड़क का निर्माण किया जाना है। जिस स्थान पर जगह सीमित है वहां उतनी ही चौड़ाई में सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान चौड़ाई बढ़ाने के लिए किसी भी तरह की तोड़फोड़ नहीं की जानी है। हटरी चौक से लेकर गांधी चौक के बीच इस सड़क की दुर्दशा ऐसी है कि लोगों का आवागमन दूभर हो गया है। मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिसमें लगभग रोज ही ई-रिक्शा पलटने की घटनाएं



जूना बिलासपुर से दयालबंद जाने वाली सड़क पर धीमी गति से चल रहा निर्माण कार्य।

आम हो गई हैं। इन घटनाओं की रोकथाम के फिलहाल कोई उपाय नहीं हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क में किसी भी तरह का सुधार नहीं किया जाएगा, क्योंकि सड़क निर्माणाधीन हालत में ही है। सबसे ज्यादा परेशान मुख्य मार्ग पर दुकानदारी करने वाले व्यवसायी हैं। सड़क की धूल उनकी दुकानों में प्रवेश कर रही है, जिससे न केवल कपड़े व अन्य सामग्रियां खराब हो रही हैं, बल्कि खाद्य सामग्रियों में धूल की परत शहरवासियों की सेहत भी बिगाड़ रही है।



सड़क निर्माण में कम मजदूरों से लिया जा रहा काम।

व्यवसाइयों को धूल से बचाव के लिए दुकान पर पॉलीथिन का पर्दा लगाया गया है, लेकिन इससे पूरी तरह बचाव नहीं हो पा रहा है। बहरहाल क्षेत्र के रहवासी एवं व्यवसाईयों के अलावा शहरवासियों को भी इस मार्ग के जल्द से जल्द पूरा होने का इंतजार है।

### चल रहा है निर्माण कार्य

निर्माण की गति धीमी नहीं है। दो स्थानों पर मजदूर नाली निर्माण में लगे हैं। डिवाईडर के लिए फर्मा बनाने का काम भी जारी है। कुछ स्थानों पर अतिक्रमण एवं पेड़ कटाई के लिए भी चिंहाकन कर लिया गया है। होली के पहले-पहले तक निर्माण में अच्छी गति नजर आने लगेगी।

**-आदित्य ग्रोवर**, एसडीओ पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

---

# तीन साल से कार्यालय में धूल खा रहे नियमितीकरण संबंधी 4600 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




नगर निगम सीमा अंतर्गत अनाधिकृत निर्माण के नियमितीकरण के लिए 4600 आवेदन पिछले तीन साल से धूल खा रहे हैं। इनमें से आधे प्रकरण टाउन एंड कंट्री के पास व आधे नगर निगम के भवन शाखा में हैं, भवन मालिक इन दोनों विभागों के चक्कर काट-काटकर थक चुके हैं। राज्य में नई सरकार बनने के बाद एक बार भी जिला नियमितीकरण समिति की बैठक नहीं हो पाई है।

- नगर निगम व टाउन एंड कंट्री प्लानिंग का चक्कर लगा रहे भवन मालिक

छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण अधिनियम तहत कलेक्टर की अध्यक्षता में नियमितीकरण समिति बनी हुई है। इसमें नगर निगम कमिश्नर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के ज्वाइंट डायरेक्टर शामिल हैं, लेकिन लगभग तीन साल हो गए नियमितीकरण समिति की बैठक ही नहीं हो पाई है। इस बीच मामले ठंडे बस्ते में पड़े रहे और अब नियमों में संशोधन हो गया है। पिछली सरकार के समय अनाधिकृत विकास नियमितीकरण नियम के तहत अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए जुलाई 2022 से 12 अगस्त 2023 तक भवन मालिकों से संचालकों से आवेदन जमा कराए गए थे। नगर निगम सीमा अंतर्गत ही अनाधिकृत निर्माण के नियमितीकरण के लिए 9 हजार 451 आवेदन आए थे। नियमितीकरण के लिए नगर निगम सीमा क्षेत्रों से थोक में आवेदन आए थे और ज्यादतर आवेदन निगम के उन एरिया से आए हैं, जिन्हें बाद में शामिल किया गया है। नगर निगम में आवेदन जमा होने के बाद परीक्षण उपरांत नियमितीकरण की प्रक्रिया पश्चात टाउन एंड कंट्री प्लानिंग भेजा गया था और वहां से भवन स्वामियों द्वारा आवेदन के साथ आर्टिकेक्ट से नक्शा बनवाकर डिमांड राशि जमा करने के बाद 4 हजार 850 निर्माण, भवनों का नियमितीकरण हुआ था। लेकिन 4 हजार 600 प्रकरण लंबित थे, जिनमें लगभग 1800 आवेदन नगर निगम के पास और बाकी टाऊन एंड कंट्री के पास लंबित है। ये आवेदन पिछले तीन साल से इन दोनों विभागों में पड़े-पड़े धूल खा रहे हैं। क्योंकि पिछले तीन साल से नियमितीकरण समिति की बैठक ही नहीं हो रही है।

### बैठक नहीं होने से प्रकरण लंबित

अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के संबंध में शासन द्वारा नियम लाया गया था, जिसके तहत जो आवेदन आए थे उनके प्रकरण बनाकर नगर निगम द्वारा टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग को भेजा गया था। अनाधिकृत निर्माण के कई प्रकरण पास हुए थे। लेकिन उसके बाद से जिला नियमितीकरण समिति की बैठक नहीं हो पाई इसलिए अभी कुछ प्रकरण लंबित पड़े हैं।

**-खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### कार्यवाही चल रही है

अनाधिकृत निर्माण के नियमितीकरण के संबंध में फिलहाल अभी कोई कार्यवाही नहीं चल रही है। नियमितीकरण के लिए जो आवेदन आए थे उनमें से बहुत से प्रकरणों में नियमितीकरण हो चुका है।कुछ प्रकरण इसलिए बचे हुए हैं क्योंकि नियमितीकरण समिति की बैठक नहीं हो पाई है।

**-अनुपम तिवारी**, भवन शाखा अधिकारी, नगर निगम

### टीएनसी निगम को लौटाए थे कुछ प्रकरण

प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद कांग्रेस शासनकाल के अनाधिकृत विकास, निर्माण नियमितीकरण के हजारों मामले पेंडिंग पड़े हुए थे। राज्य शासन ने इन अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण करने के लिए छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास नियमितीकरण अधिनियम 2022 को संशोधित कर अधिनियम 2024 जारी किया। नियमों में संशोधन के बाद टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के पास पेडिंग नियमितीकरण की लगभग 300 फाइलों को वापस नगर निगम के भवन शाखा को भेज दिया गया। इन मामलों में फिर से संशोधित नियम के तहत कार्यवाही करना था।

---

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, 1 घंटे बाद पहुंची एम्बुलेंस

**बिलासपुर**। सीपत के पास हुए सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। इस दौरान घायल को सीपत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, लेकिन नर्सों ने उसकी हालत देकर सिम्स ले जाने कह दिया, 1 घंटे तक एम्बुलेंस नहीं पहुंचने के कारण इलाज के अभाव में युवक की मौत हो गई।

सीपत क्षेत्र में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है। 40 से अधिक गांवों से जुड़े सीपत में महज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ही मौजूद है। जहां संसाधनों की कमी है और स्टाफ भी लापरवाही के चलते मौजूद नहीं होते हैं। यही कारण है कि हादसे में घायलों को जान से हाथ धोना पड़ता है। खास बात यह है कि बिजली उत्पादन के लिए बड़े औद्योगिक क्षेत्र होने के बाद भी यहां स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं है। रविवार दोपहर 3 बजे सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम जांजी निवासी 21 वर्षीय अमन



ऑटो में भर कर घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल।

सोनवानी पिता सुशील सोनवानी अपने 13 वर्षीय भतीजे इनी बंजारे और 4 वर्षीय अंकुश बंजारे को मस्तूरी से वापस जांजी लेकर लौट रहा था। कौड़िया मेले से लौट रहे पिपरसक्ति निवासी मोहन पाल की बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। भीषण सड़क हादसे में बाइकों के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही सीपत पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हादसे के बाद करीब एक घंटा बीतने के बाद भी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं आ सकी। सीपत पुलिस की टीम और स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल अमन सोनवानी और मोहन पाल को ऑटो में भरकर सीपत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो नर्सें मौजूद थीं। गंभीर हालत को देखते हुए दोनों घायलों को तत्काल सिम्स ले जाने के लिए कहा दिया, इसकेबाद भी एंबुलेंस नहीं आ सकी। इस दौरान दोनों घायल दर्द से तड़पते रहे। देरी से पहुंची एंबुलेंस से जब दोनों को सिम्स ले जाया गया लेकिन मोहन पाल ने दम तोड़ दिया।

### सुविधाओं की दरकार

सीपत के पास सीजीएमएससी द्वारा 100 बेड का अस्पताल बनाया गया था, लेकिन 4 सालों के बाद भी यहां स्टाफ का सेटअप नहीं दिया गया, बदलते समय के अस्पताल भी खंडहर हो गया। अब सीजीएमएससी द्वारा फिर से उसे दुरूस्त करने की योजना बना रहा है। दरअसल सीपत क्षेत्र काफी विकसित हो रहा है लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में किसी गांव से कम नहीं है। यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है लेकिन भी स्टाफ नहीं रहता है और कभी दवा नहीं मिल पाती है। जिसके चलते गंभीर मरीजों को 20-25 किलोमीटर दूर बिलासपुर आना पड़ता है।

### फरार आरोपियों को पकड़ने के निर्देश

**बिलासपुर**। आईजी रामगोपाल गर्ग ने जिले के राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर मस्तूरी गोलीकांड के फरार आरोपियों को एक सप्ताह में पकड़ने का निर्देश दिया है। बैठक में आईजी श्री गर्ग ने सबसे पहले राजपत्रित अधिकारी व थाना व चौकी प्रभारियों से परिचय लिया। उन्होंने सभी सीएसपी व एसडीओपी से उनके क्षेत्र की जानकारी ली। यह पूछा कि किस क्षेत्र में किस प्रकार का क्राइम होता है। 2023 से पहले पेंडिंग मामले में नाराजगी जताते हैं। उन्होंने उक्त सभी पेंडिंग मामलों का शीघ्र निराकरण करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने थानेदार व चौकी प्रभारियों को सशक्त एप व बीट प्रणाली को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आदेश दिया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# गांजा बेचने वाले को छोड़ाः प्रधान आरक्षक व आरक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने गांजा विक्रेता को लेनदेन कर बिना कार्रवाई के थाने से छोड़ने के मामले में कोटा थाना के प्रधान आरक्षक व एक आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया गया है। इधर दूसरे दिन भी पुलिस गांजा विक्रेता को नहीं पकड़ पाई है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश के बाद शनिवार की रात कोटा पुलिस ने रानीसागर के एक युवक को पकड़कर आधा किलो गांजा बरामद किया। गांजा सहित युवक को थाने में लाकर बैठाया गया। उसके बाद युवक के चाचा को थाने में तलब कर लेनदेन कर बिना कार्रवाई के युवक को छोड़ दिया गया।

उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी होन पर कोटा पुलिस को जमकर फटकार लगाकर विक्रेता को पकड़कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। एसएसपी श्री सिंह ने गांजा विक्रेता को छोड़ने वाले प्रधान आरक्षक प्रकाश दुबे, आरक्षक सोमेश्वर साहू को सस्पेंड कर दिया गया है।

### एसएसपी ने किया प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच

ग्राम पंचायत लूतरा में करीब 60 साल पुरानी प्राचीन देव प्रतिमा चोरी होने के मामले में चोरी की रिपोर्ट नहीं लिखने में टालमटोल करने वाले प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया गया है। ज्ञात हो कि सोमवार को लूतरा के सरपंच चंद्रमणी मरावी ने लिखित शिकायत में बताया कि गांव के रावत राय मुख्य प्राचीन देव हैं, जिनकी प्रतिमा की चोरी हो गई। ग्रामीण रिपोर्ट लिखाने पहुंचे तो दिवस अधिकारी प्रधान आरक्षक जयपाल बंजारे ने उन्हें 2 से 4 घंटे बाद आने को कह दिया। ग्रामीणों ने फोन पर एसएसपी रजनेश सिंह से शिकायत की, इसे गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने प्रधान आरक्षक को जमकर फटकार लगाई और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद प्रधान आरक्षक जयपाल बंजारे को लाइन अटैच कर दिया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411